आदिवासी अनादिकाल से मरने को 'मरणोत्सव' मनाते आये हैं राजाओं के किलों में जीवित समाधियाँ यथा मेहरान गढ में राजाराम मेघ-ग्वाल तथा पुष्कर की स्थापना, पुष्प मेघ को जीवित गाडकर समाधिस्थ किया गया है कँवल भारती लिखते हैं–

तुम्हें याद आती है लक्ष्मी बाई
जो अंग्रेजों से बचकर भागी थी
चोर दरवाजे से और झाँसी की रक्षा
में शहीद होने वाली दलित वीरांगना
झलकारी बाई को तुम भूल जाते हो।" (वही, पृ. 34)

मेघ या ग्वाल जाति के नागवंशी या कृष्ण वर्णी राजा द्रविड़ थे वे नाग अर्थात् प्रकृति, नाग, पहाड़, वन्य जीव जन्तु, हाथी, सिंह एवं मेघ (काले वर्णी) बादल साद (निषाद) भील, केवट, कोल (Coil) आदि से चेतना जन्य बुद्ध के उपासक थे–नागपुर में बौद्धों को डॉक्टर अम्बेडकर ने दीक्षा दी तभी उन्हें सम्बोधन में कहा–

'मेरी माँ नाग पंचमी पर बनाती है
नागों की आकृतियाँ पिलाती है उन्हें दूध
और नहीं जानती कि हम वंशज हैं
नाग जाति के जो हजारों वर्ष पूर्व
बुद्ध के शरणापन्न थे। (रचनात्मक विप्लव, कंवल भारती, पृ. 25)

यहाँ 'नाग' कृष्ण वर्ण का प्रतीक है। यही नाग वंश था जिसे आर्यों ने कृष्ण-ग्वाले का मेघ-ग्वाला कहा। काली माँ या मेघ माँ को मात्र प्रायश्चित मुद्रा में क्रोधित चित्र के रूप में चित्रित किया। आँखों में खून के आँसू जो आर्यों के अत्याचार के द्योतक हैं। क्यों उन्होंने भोले 'शम्बू' का वध कर दिया था–

"सतयुग, द्वापर या त्रेता
सिर्फ तुम्हारे लिए स्वर्ण युग थे
दलितों के लिए ये मरणयुग थे
उनके लिए श्रेष्ठ है यह वर्तमान

जिसे तुम बताते हो कलयुग।" (रचनात्मक विप्लव, कंवल भारती, पृ. 22)

आज हमारे सामने कई प्रश्न हैं कि कविता का सच्चा भोक्ता कौन है? जिस प्रकार रस सिद्धांत में रस की प्राप्ति मूल पात्र को होती है उसी प्रकार दर्द या कष्ट का दर्द तो उसे ही मालूम होगा वही 'भोगा हुआ यथार्थ' कविता का सहज संवेद्य अभिव्यंजना है। "जिसकी फटी न बिवाई वो क्या जाने पीर परायी।"

गोरख पाण्डे ने गरीब जनता को गुनहगार मानकर मार दिया जबकि वह चिड़िया भूखी थी। लेकिन गोरख पाण्डे ने गलत लिखा था–

वह चिड़िया भूख से नहीं 'चिड़िया होने से पीड़ित थी।' (चिड़िया जो मारी गई-कँवल भारती, पृ. 47)

कवि इस अनुभव से गुजरा नहीं था।

विदेशी आक्रांताओं ने अपने नस्लवाद, नाजीवाद, जातिवाद को स्थायी रखते हुए कई रूपकों, अतिश्योक्तियों, बिम्बों, प्रतीकों एवं मायाजाल द्वारा ताना बाना बुनकर एक मकड़जाल (संस्कारों का जाल) या राशियों का जाल बुनकर ज्ञान एवं ब्रह्म में विभेद किया है कँवल भारती लिखते हैं–

मैंने सारे रहस्य सुलझा लिए हैं
वातायन खोल दिए हैं।
यह जगत् मिथ्या नहीं है
मिथ्या है तुम्हारा ब्रह्म
ब्रह्म से उपजा मानवतावाद
x x x x
इसलिए सत्य को देखने की
अनुभूति और वेदना कहाँ है?
तुम्हारे पास।

अर्थात् हे शंकर तुम्हारा ये सूत्र ' ब्रह्म सत्यं जगत् मिथ्या' कितना सच है तुम जानते हो।

हजारों वर्षों से शोषित, उत्पीड़ित दलित समाज को ऊँचे स्वर में बोलने, निर्भीक स्वर में आवाज बुलन्द करने, अन्याय, अत्याचार एवं दमन के विरूद्ध आवाज उठायी, जिन्होंने जीवंत प्रतिभाओं को तराशा तथा मृत समाज जो पाषाण मय हो गया उनमें

जीवन का संचार किया। कंवल भारती की कविता ने 'बलिहारी मन' कविता में अपने जीवटता, समर्पण को सजीव करने के लिए एक प्राण फूंकने वाला ज्योतिपूंज मिल गया–

"जिसने पत्थरों में फूंके थे प्राण
मूकों को प्रदान की थी शक्ति बोलने की
ऊँचे स्वर में बोलने की
निर्भीक स्वर में बोलने की अन्याय के
खिलाफ, अत्याचार के खिलाफ,
दमन के खिलाफ।" (बलिहारी मन-कंवल भारती, पृ. 20)

हमारे देश की 'भारत माता' जो शहर में चौका बर्तन करती है गाँवों में सेठ साहूकार के घर मैला ढोती है उसके तन पर कपड़ा नहीं है–

मध्यप्रदेश में एक आदिवासी दलित गाँव है
जहाँ दो औरतों के बीच मात्र एक साड़ी होती है
जब बहु घर से बाहर जाती है।
तब सास घर में नंगी रहती है।
भारत माता की जय हो-2 करने वाले जरा सोचो
चुल्लू भर पानी में डूब मरो। तुम कहते हो उसे भारत माता!
ऐ! मेरे देश के महान् कर्णधारों
इन अभागी माताओं और बहिनों पर तरस खाओ
इन्हें सजीव चलती फिरती
खजुराहों की मूर्तियाँ मत बनाओ।

आज राजनीति इतनी हावी हो गयी। मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पैंतीस दिवसीय यात्रा एक सौ चालीस जनसंवादों के माध्यम से शंकर के सूत्र 'सर्वं सल्विदं ब्रह्म' के नाम पर "100 फीट ऊँची विशाल धातु प्रतिमा स्थापित करेंगे।" (राजस्थान पत्रिका, जोधपुर शनिवार 20 जनवरी 2018, मुख पृष्ठ।) लेकिन जहाँ वर्जित है प्रवेश दलित का। यहाँ चढाव भी दलित का एवं मौत भी दलित की क्योंकि देवता दुर्बल को ही मारता है–सिंह की बलि नहीं, हाथी की बलि नहीं, व्याघ्र की बलि नहीं। बलि तो बकरी के मैमने की ही चढ़ाई जाती है–

सिंह नैव व्याघ्र नैव हस्तिकः नैव नैव च।
अजा सुतः हातव्य दैव दुर्बलः पातकः॥

चार्ल्स डिकंस ने 'ग्रेट एक्सपेक्टेशन' में लिखते हैं– 'भरतिया (Interance of uropeion) यूरोप का प्रवेश द्वार है वे आते गये, भरत होते गये, भरते, भरते

भारतीय हो गये। कारवाँ बनता गया। यहाँ का बौद्ध साहित्य ब्राह्मण पुष्यमित्र शुंग ने जला डाला। शक और यवन दोनों एक ही है 'सर्वं खल्वइदं ब्रह्म' पूर्तगाल के डच, फिरंगी सब एक ही हैं। आज भी उन्हें बुलाने के लिए विज्ञापन करते हैं सिजरिया (रूस या ग्रीक शासक केशर या सीजर) बालम पधारों म्हारे देश। युग बदले सरकारें बदली राजनैतिक दल बदले। सांस्कृतिक साम्राज्य की पकड़ और बढ़ती गई। उसका प्रवेश तेजी के साथ होने लगा। विरोधाभास तो यह रहा कि यहाँ के बहुजन समाज अपनी सांस्कृतिक विरासत से विमुख हो गया। अपने नायकों को भूलता गया और अपने ही नायकों के घातकों को याद करता गया।

प्राचीन बौद्ध सिद्धों को उन्होंने आज ब्राह्मण बना दिया क्योंकि कलम इनके हाथ में है, विज्ञापन इनके हाथ में है मीडिया इनके हाथों में है प्राचीन काल के सिद्ध सरहपा जो भील या मेघ वर्ण का है लिखते हैं–

1. *ब्राह्मण न उजानउ भेव।*
   यों ही पढ़े ये चारों वेद।
   मट्टी, पानी, कुश लेई पठन्त।
   घर ही बैठे, अग्नि होमन्त।

2. ये देवताओं के हाथों में हथियार देकर नकली चित्र गढ़ते हैं भगवा वेश बनाकर छद्म वेश के नृसिंह भेड़िया होते हैं–
   एक दण्डी, त्रिदण्डी, भगवा भेसे
   ज्ञानी होके हंस उपदेसे।
   मित्थे ही जग वहाँ भूले।
   धर्म-अधर्म न जानते सत्थे॥

3. सिद्ध गोरख ने वेद, पुराण, कुरान, कुतेब एवं संन्यासियों की तीर्थयात्रा की भर्त्सना की ओर कर्मकाण्ड, पूजापाठ छोड़कर योग मार्ग को बढ़ाने की सीख दी।

इसी क्रम में कबीर, नानक, नाथ, नामदेव, तुकाराम, रज्जब, रैदास, दादू एवं मीरा ने आडम्बरों का पूरजोर विरोध किया है।

4. *ये समाज 'सांप और छछून्दर' के खेल की तरह है–*
   सांप भुजंग धूर्त कहता है हिंदू समाज
   क्षत्रिय टोप (पोप टोप) पहनकर
   अछूत को देखकर सांप की तरह फुंफकारता है।
   तथाकथित क्षत्रिय टोप (पोप टोपी) धारी किसी भी

जाति के नहीं थे शुंग वंश को लीजिए। शुंग चीनी वंश था। डेमेट्रियस आगे चलकर देवमित्र बन गया। देव मित्र ही आगे पुष्यमित्र बन गया। ये इन्द्र, वरूण

मित्र देवता यूनानी बताये जाते हैं। यह विदित है इन्होंने दूसरों के कंधे पर बन्दूक रखकर चलायी है ये नाजी थे। बाद में शक बने। चीनी राजवंश को बदनाम करने के लिए शुंग नाम का मास्क लगाकर दस रूपक रावण बने। इन अतिथि, विदेशी मेहमानों या देवताओं के एक मुंह से लेकर बीस मुंह (विश्रवा-ब्रह्म) तक के झूठे मुंह-खौटे हैं।

एक समय था जब समतामूलक समाज व्यवस्था थी जिसका मुखिया आंभी एवं अम्बे माँ थे। जिन्हें नाग वंशी कहा जाता था उनकी समता का उदाहरण उनके शरीर पर लिपटे काल बेली अर्थात् काल (नाग) उसके साथी हैं। नाग काले रंग, द्रविड़ जो वचन के पक्के हैं। उसी द्रविड़ शब्द को घीसते घीसते द्रढ़> डिढ>डेढ शब्द बना दिया। आज उसका मालिक नये वेश वैशणव (वैष्णव) बनाने वाला बन गया। जिसके आगोश में नीचे कुचले नाग, दलित की नाग शय्या है। वह सहस्र नागों की शय्या बनाकर सोता है।

पिछली सदी के अंत में राजकिशोर के संपादन में एक पुस्तक प्रकाशित हुई थी 'हरिजन और दलित।' उस पुस्तक का हवाला देते हुए 'बयान' पत्रिका के संपादक मोहनदास नैमिशराय ने लिखा–'कल का हरिजन आज अपने को दलित कहता है दूसरे भी उसे दलित कहते हैं दलित एवं हरिजन दोनों ही घृणित शब्द हैं। हरिजन हरामियों द्वारा इजाद किया गया शब्द है।"

शास्त्र ग्रंथों में 'हिंदू' शब्द की सर्वमान्य परिभाषा यह है– 'हीनं दुष्यति इति हिंदू कथ्यते।' जो हीन हैं दलित हैं उन्हें और दलित या दूषित कर दे उसका नाम हिंदू है। उसका प्रमाण वीरेन्द्र कुमार चौधरी की कविता में भी मिलता है–

'जकड़े हुए, पिसते हुए
तिरस्कार को सहते हुए
बने हिंदू आज भी
मलमूत्र को ढोते हुए,
कर सेवा ब्राह्मण की,
मेहनत गुजारी वैश्य की
क्षेत्रिय की कर दासता
वह बड़ा बलवान है।'

औरत–क्या है उसकी सच्ची पहचान क्या है–

घर में हर कहीं बिखरी होती है औरत
लेकिन उसका कोई घर नहीं होता
वह घर होती है दूसरों के लिए।

दूसरे रहते हैं उसमें
वह खुद में नहीं रहती, दूसरे के घर चौका बर्तन है
–(रजनी अनुरागी)

समतावादी, मानवतावादी, धर्मनिरपेक्ष समाज की स्थापना क्या कोरा ढोंग है? क्या हम सब एक हैं? हमारी राष्ट्रीयता क्या एक है हे शुतूरमूर्ग अर्थात् लम्बी गर्दन वाले समुद्र शैय्यी विष्णु, ठण्डे द्वीप, यामल द्वीप (रूस देश का द्वीप) के वासी तुम कब तक उत्सव, पर्व, त्योहार, बरसी मेले-खेले एवं सभाओं द्वारा हल्ला बोल कर षड्यंत्र करते रहोगे तुम्हें उस कर्मवीर को सैल्यूट करना चाहिए–

'फिक्र' कविता में महेन्द्र गायकवाड़ लिखते हैं–

'लमहा लमहा
मुट्टी में जान लेकर जीना पड़ता है
इस दुनिया में
यहाँ वहाँ साम्प्रदायिक उन्माद
हम सब एक हैं के गर्भ में
जहरीली डालिया क्यों झूम रही है
मासूम इन्सानों की मौत के लिए
सच की आवाज बुलंद कर
'गैलिलियों' ने मौत कबूल की
किंतु लाचार होकर जिंदा रहने के लिए
हुक्मरानों के आगे गिड़गिड़ाया नहीं।
डायोजोनिस को अनगिनत यातनाएँ दी जा रही थी।
आरिस्टॉटल मैदान छोड़ भाग खड़ा हुआ
साक्रेटिस को जहर पीना स्वीकार कर देख
पायथोगोरस विज्ञान समझाने की जी तोड़ कोशिश
करता रहा। भई शुतुरमूर्ग! तू बता खुलकर धर्मनिरपेक्ष
इन्सान सुरक्षित किस तरह रहेंगे।

मनोज सोनकर ने 'शोषितनामा' महाकाव्य में हजारों सालों "से अन्याय, अत्याचार, शोषण, भूखमरी और अपमान से ग्रसित दलित जीवन का उन्होंने यथार्थ और प्रभावशाली अंकन किया है।" (दलित साहित्य का समाज शास्त्र संपादक डॉ. वी.बी.भोसले, गुजराती दलित साहित्य अकादमी, प्रकम्प 7, दुर्गाकृपा सोसाइटी चांद खेड़ा, अहमदाबाद, सं. फरवरी 2015, पृ. 42)

सवर्णों का भूख, सत्य, सूर्य, नदी नाले, प्रकृति सवर्ण भी दूसरे सवर्ण का दुश्मन हो सकता है 'विश्वामित्र' कथा में पं. उमाशंकर के ठाकुर जनार्दन सिंह खतरनाक दुश्मन थे। ठाकुर से जान बचाने के लिए पण्डित जी इधर-उधर भागते रहते थे। एक दिन वे भूख से बदहाल होकर शूद्र जिलेबिया की झोंपड़ी के पास पहुंचे थे। जिलेबिया ने उन्हें रोटी के टुकड़े दिए थे। बदहाली पं. भूख के मारे उन टुकड़ों पर कुत्तों की तरह टूट पड़े थे–

"भूख, भूख होती है
न वह ब्राह्मण होती है। न क्षत्रिए होती है, न वैश्य होती है।
न शूद्र होती है।
न वह हिंदू होती है। न वह मुसलमान होती है।
भूख होती है और केवल भूख होती है।"
(दलित साहित्य का समाजशास्त्र वही, पृ. 44)

भूख भेदभाव नहीं रखती है; भेदभाव भरा हुआ पेट रखता है। 'टेक्स की टीस' कविता में नदी अवर्ण सवर्ण का भेदभाव नहीं करती है इसमें पशु-पक्षी, अवर्ण एवं सवर्ण दोनों समान हैं–

'अन्याय किसी पर भी हो उसके खिलाफ साथ मिलकर लड़ो।
अन्याय वैयक्तिक, याद गलत बताकर, तमाशाई बनना।
तुम आदिम जानवर नहीं, मनुष्य हो।"(वही, पृ. 44)

दलित महिलाएँ कितनी मेहनत करती हैं सनीचरी घुरहु की माँ थी वह गोबर पाथती थी। ढेला फोड़ती थी। कपड़े धोती थी। और भी दलित औरतें हाड़तोड़ मेहनत करती थी। कण्डे एवं अनाज के दाने ढूंढती थीं आज भी करती हैं–

"मेरी माँ का चेहरा, निश्चित रूप से पसीने की तरह रहा होगा।
दूसरा हो भी कैसे सकता है? पसीना ही मेरी माँ है।" (वही,पृ.45)

आदिवासियों की सत्य घोषणाएँ जो बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं। ये घोषणाएँ चेतना की संवाहक हैं–

1. *'आज तक कुर्सियां बनाते आए हैं।*
अब कुर्सियों पर बैठेंगे।'
(शोषितनामा-मनोज सोनकर, घूरहू का घोषणापत्र, पृ.80)

अब दलित विरोधी ग्रंथ बुजुर्वा बोड़म हो गये हैं
हे मानवता के दुश्मन! अब महत्त्वपूर्ण है–

2. *काल्पनिक देव और देवत्व से ज्यादा महत्त्वपूर्ण है-राशन कार्ड।* (वही,)
3. *'चुनाव के समय हम वेरर चेक हो जाते हैं*

और उसके बाद कुड़ेदान।' (वही, पृ.81)

4. सामूहिक आवाज उठाकर अपनी आत्म पहचान करनी होगी–

'जिसका भी शोषण होता है
हमारी जमात में आ जाता है आओ।
शोषण के खिलाफ सामूहिक जंग छेड़ें' (वही,पृ. 80)

आज संविधान को बदलने की आप लोग सोचते हो कभी यह क्यों नहीं सोचते हो?

5. *'धर्म ग्रंथों का पुर्नमूल्यांकन होना चाहिए। निष्पक्ष मूल्यांकन'* (वही)

आरक्षण सुविधा नहीं सामाजिक न्याय का आर्थिक समाधान है। हजारों सालों से पद्दलित, शोषित लोगों के लिए आरक्षण उनकी उन्नति के लिए आवश्यक है–

आरक्षण विरोध?
स्वार्थान्धता! महान्धता! एकाधिकारवाद(वही पृ. 83)

मनुष्य मनुष्य के काम आये जानवर एवं मनुष्य क्या दोनों एक ही हैं–

'जानवर का खून मंहगा है
आदमी का सस्ता है
हम बेजुबानों के लिए लड़ते हैं
गाय हो या सुअर।' (वही, पृ. 84)
अब आत्म रक्षार्थ संघर्ष आवश्यक है–
पसीना तो हमने बहुत बहाया है
अब अपनी रक्षा के लिए खून भी बहायेंगे।
कल तक तुम्हारे लिए लड़े थे
अब अपने लिए लडेंगे। (वही, पृ. 100)

इस प्रकार घुरहू की घोषणाएँ ऐतिहासिक दस्तावेज हैं जो प्रत्येक मनुष्य में जागरूकता एवं चेतना का सृजन करती हैं।

'शूद्रो के हाथ' में नवेन्दु महर्षि ने आक्रोश व्यक्त करते हुए लिखा है–

'जो हाथ मिट्टी कूट सकते हैं
क्या वे दमन कर्ता की हड्डियाँ नहीं कूट सकते?
हाथ लकड़ी चीर सकते हैं, पहाड़ काट सकते हैं
क्या वे दमन कर्ता का गला नहीं काट सकते?
(दलित साहित्य का समाज शास्त्र वही, पृ. 23, 33)

आदिकवि की कविता 'क्रौंच पक्षी' के जोड़े के वध को देखकर पैदा हुई थी किंतु वह 'क्रौंच पक्षी' तो शूद्र ही था–

आदि कवि क्रौंच का वध
देखकर पैदा हुई थी
मैं परंतु आदि कवि के वंशजों में से नहीं हूँ
वाल्मीकि मैं नहीं हूँ।
क्रौंच हूँ मैं।' (क्रौंच हूँ मैं...श्योराज सिंह बेचैन)

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर

3

आदिवासी कविताओं में प्रतिरोध का स्वर

डॉ. एन. टी. गामीत

आदिवासी साहित्य जंगलों में निवास करने वाले मानवों की संस्कृति से जुड़ा साहित्य है। यह साहित्य वन जंगलों में रहने वाले उपेक्षितों का साहित्य है। जिनकी ओर समाज व्यवस्था का कभी ध्यान नहीं गया। समाज के अभिजात्य वर्ग की क्रूर और कठोर न्याय व्यवस्था ने जिनकी सैकड़ों पीढ़ियों को आजीवन वनवास दिया उस आदिम समूह की मुक्ति का साहित्य है जो युगों से गिरि कंदराओं में रहकर अन्याय को सहन करते रहे हैं। उनके साहित्य में वेदना है, विद्रोह है और अपने ढंग की अभिव्यक्ति भी है।

यह साहित्य आज तक की अव्यक्त वेदना संसार का प्रत्यक्ष दर्शन कराने वाला साहित्य है। आदिवासी अर्थात् मूल निवासी या किसी भी देश का मूल बाशिंदा यानी इस भूमि का पुत्र जो इस धरती और प्रकृति के विकास के साथ ही पैदा हुआ, पला, बढ़ा और जवान हुआ प्रकृति का सहयात्री और सह जीवी। वे संपूर्णतः प्रकृति और जंगलों से जुड़े होने के कारण उनका प्रकृति प्रेम एवं प्रकृतिनिष्ठा दृढ़ तथा विलक्षण जान पड़ती है।

आदिवासी समाज युगों से अन्यायग्रस्त रहा है आज वह मुक्त होना चाहता है। अपनी आदिम परंपराएँ, रीति रिवाज आज भी प्रासंगिक है। अपने समुदाय के साथ हो रहे शोषण, अन्याय, अत्याचार के खिलाफ प्रतिरोध के लिए आदिवासी साहित्यकारों को बौद्धिक क्षमता और प्रतिभा का अवश्य परिचय देना होगा। आदिवासियों की 'अस्मिता', 'अस्तित्व' और 'स्वत्व'को परस्पर बनाये रखना भी नितांत आवश्यक है। साहित्य समाज का दर्पण ही नहीं बल्कि वह समाज का प्राणतत्व आदर्श भी है वह समाज को न केवल चित्र दिखाकर सचेत करता है बल्कि कैसा चित्र होना चाहिए वह आदर्श भी स्थापित करता है और समाज को प्रखर वाणी भी देता है। इसीलिए आदिवासियों की हितचिंतक लेखिका रमणिक गुप्ता ने उपर्युक्त ही लिखा है–"आदिवासी साहित्य और आदिवासी समाज का संबंध भी अटूट एवं नजदीकी है। संभवतः

इस प्रकार आदिवासी कविता में संस्कृति व सभ्यता के विकास के नाम पर हो रहे कर्मकाण्ड और मूल संस्कृति से उखड़ने के परिणामस्वरूप जड़ों की तलाश की प्रतिरोधात्मक अभिव्यक्ति हुई है।

संदर्भ

1. सुशील कुमार, बहत्तरा अउद्-81, पृ. 31
2. ग्रेस कुजूर, अरावली उद्घोष, जुलाई-सित., 2004, पृ. 39
3. शंकरलाल मीणा, आदिवासी केन्द्रित हिंदी साहित्य, लेखकगण, पृ. 195
4. अरावली, उद्घोष अंक-100, पृ. 58
5. आदिवासी लेखन, रमणिका गुप्ता, पृ. 71
6. हरिचरण अहरवार, तुम क्या समझते हो, अ-81, पृ. 38
7. रमणिका गुप्ता, आदिवासी लेखन एक उभरती चेतना, पृ. 70
8. वही, पृ. 69
9. वही
10. वही, पृ 93-94
11. अनुज लुगुन-राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी स्मारिका, राज. महा. बूंदी, पृ0 110
12. भारत दोसी, चौड़ी सड़क, अ-81 ,पृ. 12
13. रमणिका गुप्ता, विकसित होती आदिवासी संस्कृति, आदिवासी स्वर और नई शताब्दी: 2 पृ. 285
14. वही
15. रमणिका गुप्ता, आदिवासी लेखक- एक उभरती चेतना, पृ. 122
16. अरावली, उद्घोष अंक-97, पृ. 59
17. भीमसिंह, दुखवा मैं कासे कहूं, अ-81, पृ. 24
18. भारत दोसी, चौड़ी सड़क, अ-81, पृ. 12
19. हरिराम मीणा, बिरसा मुण्डा की याद में, अरावली, 34-अंक-74, पृ.71
20. एलएन मीणा, आदिवासी का बोध, अ-81, पृ. 34
21. निर्मला पुतुल, युद्धरत आम आदमी, जुलाई-सित., रमणिका गुप्ता, पृ. 51
22. डॉ. पुरुषोत्तम प्रेमी, अब लौट भी आओ, अरावली, पृ. 50
23. हरिराम मीणा, प्रतिरोध के तेवर, अ-74, पृ.63
24. रमणिका गुप्ता, आदिवासी लेखन : एक उभरती चेतना, पृ. 68-69
25. हरिराम मीणा, अरावली, जु-सि. 1999, पृ.3
26. ओमनागर, कजोड़मल, क्या कर रहे हो तुम, अ-81, पृ. 14
27. हरिराम मीणा, अरावली, जु.-सि. 1999, पृ. 2

15

हरिराम मीणा की कविता में चेतना के स्वर

डॉ. श्रवण कुमार

कवि परिचय : हरिराम मीणा का जन्म 1 मई 1952 को ग्राम वामनवास, जिला सवाई माधोपुर, राजस्थान में हुआ। आपने राजनीतिशास्त्र के विद्यार्थी के रूप में उच्च शिक्षा में अध्ययन किया। अपनी प्रतिभा, क्रियात्मक सृजनशीलता एवं प्रभावी नेतृत्व क्षमता से ओतप्रोत जीवन के कारण निवर्तमान पुलिस महानिरीक्षक के पद को सुशोभित किया। आपने अपने प्रशासनिक सेवाओं में रहते हुए दृढ़ संकल्पित व्यक्तित्व, कर्मठता, विवेकशील कर्मण्य परायणता एवं आदिवासी जीवन मूल्यों के पुरोधा के रूप में कई नव्य साहित्य में आदिवासी साहित्य के प्रतिमान स्थापित किये हैं। पुलिस सेवा में रहते हुए साहित्य का रसास्वादन करते हुए अपने निर्णय क्षमता, विशिष्ट नवाचार, विशिष्ट रचनाधर्मिता द्वारा आदर्शवादी थोथे सिद्धांत, चार कूटनीतियाँ साम-दाम-दण्ड भेद तथा षड्यंत्र-नमः (चाटूकारिता), स्वाहा (नष्ट करना), स्वधा (नामोनिशान मिटाना), वषट् (वश में करना), हूँ (डराना) एवं फट् (फटकार लगाना) आदि द्वारा सवर्णों की जुगाड़ व्यवस्था तथा कुचक्रों से कैसे आदिवासी का भला हो सकता है? इसी प्रेरणा से प्रेरित होकर कविता का सर्जन करते हैं।

अब तक दो कविता संकलन, एक प्रबंध काव्य, दो यात्रा वृत्तांत, एक उपन्यास, आदिवासी विमर्श की एक पुस्तक तथा समकालीन आदिवासी कविता का संपादन किया आपने विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं एवं दूरदर्शन से रचनाएँ वार्ता आदि का प्रकाशन एवं प्रसारण किया है।

'युद्धरत आम आदमी'के आदिवासी विशेषांकों में संपादन सहयोग तथा अरावली उद्घोष पत्रिका का सह सम्पादन किया है।

जयपुर में दूरदर्शन से 'गश्त पर' सीरियल में भूमिका एवं 'रू-ब-रू सीरियल के लिए ब्रिटिश कालीन आदिवासी संघर्षों पर विशेष शोध कार्य किया है।

अपने लेखन के जनपयोगी, बहुआयामी संघर्ष एवं सामाजिक, राजनीतिक भागीदारी तय करने के लिए आपकी कविता प्रेरित करती है। वन्य-जीव संरक्षण के

लिए कवि हरिराम मीणा को पद्मश्री सांखला अवार्ड, डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय पुरस्कार, राजस्थान साहित्य अकादमी का सर्वोच्च 'मीरा पुरस्कार', केन्द्रीय हिंदी संस्थान द्वारा महापण्डित भोटआचार्य राहुल सांकृत्यायन सम्मान एवं बिड़ला फाउण्डेशन के बिहारी पुरस्कार से नवाजा गया है। इन सभी पुरस्कारों के अतिरिक्त अखिलभारतीय आदिवासी साहित्यिक मंच, नई दिल्ली (रमणिका फाउण्डेशन से संबद्ध), ह्यूमन डिगनिटी महामहिम राज्यपाल के प्रतिनिधि, बोर्ड ऑफ मेनेजमेण्ट जनजातीय विश्वविद्यालय, उदयपुर तथा पूर्व विजिटिंग प्रोफेसर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, हैदराबाद में अपनी अभूतपूर्व सेवाएं दी हैं।

कवि हरिराम मीणा की कविता में प्रकृति का शुद्ध चितेरा रूप देखने को मिलता है। यहाँ पर हरिराम मीणा का कविता संग्रह ' मानगढ़ एवं अन्य कविताएँ, का विवेचन करना मुख्य प्रतिपाद्य है। इस संग्रह में ओ, मेरी प्यारी कविता, आदिवासी, आज की कविता, रात, भोर, किरण, आग, हँसी की कविता एवं एकलव्य आदि कविता में निहित अग्नि, ऊर्जा एवं चेतना को उकेरा गया है।

कवि हरिराम मीणा ने कविता किसे कहते हैं? उसका जीवन में क्या महत्त्व है? उनकी दृष्टि में मनोरंजन की वस्तु नहीं हैं। उनकी कविता में आदिवासी कवि उषणा (ऋग्वेदकालीन) जैसी अग्नि है ऋग्वेद में लिखा है अग्नि मीडे-अग्नि मीडे पुरोहितं। हरिराम जी ने लिखा है–कविता से अग्नि उत्पन्न होती है जिसमें जीवन की चेतना होती है वह पाषण हृदय में रक्त का संचार करती है तथा जीवन को आलोकित करती है– 'रसूल हम जालोव' कविता में वे लिखते हैं–

"कविता आग है इस आग में अंगारों के ऊपर
मशाल की लौ है, लौ से बढ़कर उसकी रोशनी
बाहरी अंधकार को भगाने वाली भीतर की आग है, कविता।"[1]

उनकी कविता में 'अर्श से फर्श' तक बुलन्दियों को छूने की दृष्टि है तथा कविता की उत्पत्ति वियोगी होगा पहला कवि अर्थात् विषय वासना से प्रेरित होकर न होकर भूख एवं प्यास की पीड़ा से त्रस्त होकर यथार्थ भूमि पर कविता का बीज फूटता है–

"उकाब उड़ता हो कितने भी ऊँचे आकाश में
आँखें उसकी देखती हैं, भूख-प्यास बुझाने वाली धरती को
कल्पना के खटोले में उड़ान भरती
कविता उपजती है यथार्थ की भूमि पर।"[2]

कवि हरिराम मीणा की कविता का सच 'भोगा हुआ यथार्थ' है वे रहन और कहन की एकता में विश्वास करते हैं–

"घोड़े की तरह कविता कवि को एकदम पीठ पर नहीं बिठाती
वह कहती है पहले तुम मेरे साथ चलो पैदल बंद कमरे से बाहर
खुले में, फिर, ठाठ से सवार हो जाना मंजिल तक
पहुंचा सकने वाले, किसी भी खतरनाक रास्ते पर।"[3]

कविता पैदा नहीं की जाती है वह प्रतिभा जन्मजात होती है–

"ऐसी कविता ही श्रेष्ठ कविता होती है-
अनुभव कही के भी क्यूं न हो
कविता लिखना अपनी जुबां में
पूरा अभिव्यक्त करती भावों को
मा के गर्भ में सीखी भाषा
कवि की मौलिकता होती है।
कविता की जान" [4]

हरिराम मीणा की कविता में क्रांति, धातृ एवं अम्बर में आग लगाने की क्षमता है आदिवासी उषणा (शुक्राचार्य) की कविता 'मूर्दो में प्राण फूंख देती थी यह रचना मधुशाला की तरह है–

"बूरी चीज नहीं शराब अगर,
उससे होती है कविता की आँखें लाल
सावधानी इतनी की तंग न खाये जाय
रक्तिम होते हैं असरदार कविता के तेवर।" [5]

परमात्मा ने जहरीला घूंट पीकर सृष्टि का सृजन किया जिसमें जिजीविषा एवं उत्प्रेरण के माध्यम से जीवन की जीवटता को उद्बुद करने के लिए प्रेरित किया है

"रसूल,.
तुम्हारे खुदा ने सृष्टि रची
सिगरेट के कश के बाद, बात सिगरेट व उसके कश की नहीं
दरअसल उस आग की है
जो नुकसान देह तम्बाकू को
उड़ा देती है धुआं बनाकर और
उस दम की जो कश से ज्यादा तुम्हारी कविता में है।"[6]

सच में कविता की उत्पत्ति के बारे में कहा गया है–"वियोगी होगा पहला कवि?" क्योंकि नायक एवं नायिका का वह अयोग था उसके पास नायिका नहीं थी। कवि वेदव्यास बादरायण कृष्ण द्वैपायन ने बहलिया के रूप में क्रौंच जाति दम्पति की रति क्रीड़ा देखकर उस जोड़े को एक बाण से खत्म कर दिया। वह शोकातुर,

मातुर एवं कुण्ठित था कुण्ठित्वं आयाति कवित्नाम गुणः अर्थात् कुण्ठा से कविता का जन्म होता है नागार्जुन की कविता की तरह 'कालिदास सच सच बताना' की यक्ष रोया था या तू रोया था। को साबित करता है।

सभ्य समाज के बौद्धिक चिंतक में बोदलेयर, रेंबू अैर मलार्मे की कविताओं ने विश्व में धूम मचा दी थी। यहाँ रोमांटिक (छायावाद) की फैंटेसी, रीतिकाल की शृंगारिकता तथा आदिकाल की जादू टोना, पंचमकार की साधना, यूरोपियन भारतीयों की देन है। हरिराम मीणा की कविता व्यामोह है किंतु वह सौंदर्य की वस्तु नहीं है यह सौंदर्य भाव जन्य है इस प्रकार कविता कामिनी नायिका के रूप में चित्रित की गयी है वह चंद्रमा जैसी शीतल एवं रम्यकारी है किंतु उनका सौंदर्य तब तक रहता है जब तक पूर्णिमा रहती है पूर्णिमा के बाद एकम्, द्वितीया,..अमावस आने पर कवि उस सौंदर्य से उदासीन हो जाता है। वह प्रकृति के सौंदर्य पर मुग्ध भी हो जाता है। कवि 'स्वांतः सुखाय' रचना करता है–

"उन बहुत सारे कवियों को पढ़ा है मैंने
जिनकी कविताओं में चाँद है, चाँद में नायिका
जो उतरती है चाँदनी की ओर पकड़कर
मुस्काती है, गाती है, नाचती है
मैं मुग्ध हो जाता हूँ
कविता का नशा उतर जाने पर यह रह जाती है सपनों में
जितने दिन जीवित रहे नायिकाओं के भरोसे कवि
बस, उतने ही दिन रमा में उन कविताओं में।"[7]

आदिवासी कवि जन कवि है वह चतुष्कोणीय दृष्टा एवं सामाजिक साम्यता को पोषक है वह मूल्यों का संवाहक है–

"क्या स्त्री मात्र नायिका है और नायिका कविता
और इस कविता तक सीमित कवि?
फिर कहाँ गया कवि का मनीषी, चतुष्कोणीय
दृष्टा और दूसरा सृष्टा?"[8]

हरिरराम मीणा प्रकृति प्रेमी कवि है उन्हीं प्रकृति का पत्ता-पत्ता अपना जीवन लगता है उनकी संवेदना दर्शनीय है–

"हरी टहनी के कट जाने पर रोती है पेड़ की आँखें
धरती की आत्मा तक पहुंचते है ढलकते आँसू
काँपता है जैसे आसमान किसी तारे के टूट जाने पर
लामबंद होती है पूरी कायनात यहाँ से वहाँ तक।"[9]

हरिराम मीणा परी, देवता आदि फेंटेसी से बचना चाहता है वह प्रवासी अतिथि रूपी गरूड़ (बाज) या गिद्ध दृष्टि से बचना चाहता है क्योंकि नाग लोक या भूमिज लोगों को धराशायी करके अपनी शय्या बनाकर उन्हें गुलाम या दास बना लेता है–

"ओ मेरी प्यारी कविता
गिद्ध तो नहीं ताक रहे अनंत ब्रह्माण्ड में
प्रेत तो नहीं झांक रहे, पृथ्वी के गर्भगृह में
कहीं यह किसी के मन में पल रही तानाशाही तो नहीं
जिसके विरूद्ध तैयारी करनी पड़ रही है जन्म से पहले
जन्म के बाद की क्या यह अपशुन है
किसी पथ भ्रष्ट सभ्यता के विध्वंश का
याकि शुभ संकेत किसी स्वप्न लोक के सत्य का?"

उक्त पद्य में प्रयुक्त प्रेत शब्द विद्याधर कवियों के लिए आया है विश्वम्भर नाथ उपाध्याय ने 'प्रेत' को विद्याधर लिखा है–"विद्याधर शब्द...असामान्य प्रेत लोक के निवासियों के हेतु प्रयुक्त किया गया है... पुराणों में विद्याधरों को प्रेतों की श्रेणी में ही रखा गया है।"[10]

हरिराम मीणा की कविता समाजवाद की पोषक है वह सामान्य जन की इच्छा को प्रजातंत्र के अनुकूल अभिव्यक्ति देकर उसे संवारने, उसकी रक्षा करना, हमारा दायित्व है–उनका उद्देश्य है कि भाईचारा एवं समता मूलक समाज की स्थापना कैसे हो, जनता का चुना हुआ प्रतिनिधि एक तंत्र के अधीन काम करता है उसका तंत्र क्या है?–

"राख, अर्थ व धर्म शक्ति से पनपा है प्रभुतंत्र
इन पर कब्जा किये न हो सकता है लोक तंत्र।"[11]

मीडिया में कुछ ही लोगों दर्पण (आयने) में लाते हैं जो पल्लवित हैं एवं पुष्पित हैं। ये छद्म वेश में मास्क लगाकर भाण्ड की तरह नाटकीय भूमिका निभाते हैं–

"ये सारे अखबार और टीवी. चैनल सब भाण्ड बने हैं
झूठ सच्च का भेद न खुलना, सब कुछ दलदल बीच सने हैं
'ठोक तंत्र' है भोग तंत्र है, ठोक तंत्र है इन सबके तन्त्रिका तंत्र
है जादू मंत्र सभी इन्हीं के पर न कहीं भी लोक तंत्र है।
संविधान में कमी नहीं है फिर भी खोजे खोट
फिर भी वक्त बड़ा भाई, प्रजा लुहारी चोट।"

कवि हरिराम मीणा ने लोकतंत्र में संविधान पर आस्था जतायी एवं समाज में व्याप्त भाई भतीजावाद, गुरुड़ावाद (श्रेष्ठ-नीच) देव (भोग) वाद तथा लाठीवाद सभी

प्रजातंत्र को कमजोर कर रहे हैं किंतु जनता जनार्दन है। उन्हें सौ सुनार की एक लुहार की चोट से गुजरना पड़ेगा। कवि चाहता है कैसे भी हो लोकतंत्र का संरक्षण हो।

कवि हरिराम मीणा ने 'हँसी की कविता' के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति दी है कि कविता मेले, खेले, उत्सव, पर्व, त्योहार सब धनिकों के चौंचले हैं भूखा आदमी केवल रोटी चाहता है–

"हँसी को खोजती कविता भटकती
और कविता पर लगाये घाट हत्यारे
खंआसे दौर में खोजता हूँ उसी कविता को
कहीं जो जिंदगी के स्याह कोने में उदासी ओढ़कर बैठी
बाँधकर बाँझ के पल्लू में टुकड़े मुस्कराहट के।"[12]

कवि हरिराम मीणा अपनी कविता आम जन की हँसी का साधारणीकरण करना चाहता है। किंतु आज हँसी खेत, खलियान, राहों, मोड़ गलियों, देहात, कस्बों एवं शहरों से केवल धनिकों को छोड़कर गरीब की हंसी आज दूर का सपना हो गया है–

"हंसी गायब हुई देहात, कस्बों और शहरों से
खेत, खलिहान, राहों, मोड़, गलियों से
कहीं निन्यानवै के फेर में धनवान की उलझी
हमारे इस गरीब की हंसी है दूर का सपना।"
"अरे! देश का मालिक, सैर सपाटों के लिए देशाटन कर रहा है,
सभायें कर रहा है जुमले गढ़ रहे हैं जैसे कयामत हो गयी हो
अरे ओ राज मुखिया तू कहाँ बाहर रहा घुलमिल
विवेकानंद की मानिंद, तोड़ी बेड़ियां, कारा
उठाओ आँधियों के ध्वज, सजा तूफान की महफिल।"

कवि हरिराम की कविता में आदिवासी वाणी में सर्वत्र जनवादी स्वर मुखरित हुआ है आदिवासी जन आज भी रोजमर्रा की भरण पोषण की सुविधा नहीं जुटा पा रहा है उस आदिवासी की इच्छा 'लकड़ी का गठ्ठहर' मात्र है, जिस बोझ से बाहर नहीं आ पा रहा है नागार्जुन की तरह 'वे लोहा पीट रहे हैं तुम मन को पीट रहे हो। यहाँ 'लकड़ी के गठहर' या लोहा पीटना अत्यधिक श्रम का वाचक है–

"टूटी फूटी इच्छाओं का गट्ठर समेटते
दिन के सारे पल आते हैं रात के शामियाने में
सपानों की बारात लेकर।"[13]

आदिवासी परिजनों का जीवन चाहे रात हो चाहे दिन कठोर परिश्रम एवं खामोश भरा होता है- वे 'भोर' कविता में लिखते हैं–

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर

"साँझ की विदाई के साथ दरख्तों की टहनियों पर
रात की हवालात में खामोश आवाजें
अंधेरे की सलाखें तोड़कर
छड़ेगी द्रुतगति में भोर का राग।"[14]

हरिराम मीणा ने 'किरण' कविता के माध्यम से प्रकृति सादृश्य द्वारा जीवन जीने की प्रेरणा दी है कि मनुष्य को आकाश में स्थापित नक्षत्रों की तरह नहीं जीना चाहिए अपितु उन्हें सूर्य की पहली किरण की तरह होना चाहिए जो लम्बे समय तक प्रकाशित न करके जुगनू की तरह क्षणिक रूप में प्रकाशित करें, लम्बे समय धुआँ देना अच्छा नहीं है–

"आकाश में टिमटिमाते नक्षत्रों की जगह
बहतर है बन जाना सुबह की पहली किरण
और मिट जाना पसरते उजास के आगोश में।"[15]

'आग' कविता में आदिवासियों की कंगाली जो कभी रोशनमयी थी आज 'तन्द्रा, आलस्य एवं भिखारी रूप में है–

"बुझ चुके अलाव के कोने में छिपी चिंगारी
बनी जो मौन साधक सी आग
देखो उसे तुम तो खेल रहे हो नींद में
अवचेतन के कोलाहल से।"[16]

कवि ने रंगभेद (नस्लभेद) एवं भाषिक परिवार की दृष्टि से लाल (Red Indian) मुंहे, (रूसवासी>रूसी-मुनि) पीले या गोरे (गौड या GOD)या गौरांग प्रभू और काले या नीले रंग)(हरे रंग) वाले आदिवासी जो मेहनतकश आदिवासी हैं जो सभी नक्षत्रों के परिक्रमा लगाते हैं अर्थात् उनके कार्य संपादित करते हैं-कवि ने आदिवासी कविता में लिखा है–

"वे मानते थे लालमुंहे तारे (मंगल) बहुत दूर है
पीले कुछ निकट और नीले करते हैं पृथ्वी की परिक्रमा
यूँ पुश्तैनी समझ से मापते थे नक्षत्रों की दूरी।"[17]

आदिवासी लोक जीवन में निर्मल मेघों आदि पितृ कहता था। मेघदूत में संदेश मेघ भेजते हैं यक्षों को। उन्हें झंझावतों, पवन (केशर=सीजर) के बहाने संदेश भेजते हैं–

"कहते थे निर्मल आकाश को आदि-पितर
सगा ही था ऋतु अनुकूल पवन
आँधी उन्हें भेजी थी पूर्व संदेश।"[18]

आदि सि[illegible]शुद्ध प्राकृतिक रूप से स्वाभाविक चित्रण करता है। उस समय भूत-प्रेत पितर का भय नहीं था क्योंकि वे प्रकृति में विश्वास करते थे वे प्रकृति को ही संप्रभु मानते थे। मूल निवासी एक उद्घोष करता है कि अब राजतंत्र समाप्त हो गया है अब महल, दरबार, सिंहासन एवं नौकर-चाकर की आवश्यकता नहीं है हमें अपना कार्य स्वयं करना है ताकि पृथ्वी का हरेक पुत्र पूंजीपतियों के शोषण से मुक्त हो सके–

"नहीं है अब जरूरत लम्बे-चौड़े फौजी लवाजमें की
हाथी घोड़ों पर सवार होकर हमला करने की
आत्म समर्पण तक राज-दूर्गों को घेरे रहने की
अप्रासांगिक हो चुका कब्जाशुदा इलाका
बेमानी है भौतिक राजधानियाँ,
महल, दरबार, सिंहासन, बगैरा-बगैरा... ।"[19]

कवि हरिराम मीणाने व्यंग्योक्त शैली में यहाँ के आदर्शवादी स्वयं इस देश को जगत् गुरु कहते हैं, स्वयं भू मानते हैं, सरस्वती जिसे विद्या की देवी मानते हैं, किंतु दुर्योग यह है कि यहाँ चंद गौरे (सवर्ण) लोग ही शिक्षा पा सकते हैं। काले लोगों को काले पानी की सजा, कालावास (कारावास) कालाधन, काले कारनामे, काली करतूत आदि से सौ बार काले को काला कहकर उसे काले (Black) माने अपराधी बना दिया है। ये मेघ (काले मेघ) ही है जो धरती के सारे कर्म करके धरती का सौंदर्य बनाते हैं–

"स्वयं-भू विश्व गुरु!
गँवार कहलाते हम
खोये बताये जाते संकुचित जन-वृत्त में
लगते अर्थहीन समय की कसौटी पर।" [20]

आज इन आदिवासी श्रमवीरों में निहित असीम साहस, तेज, चमक, धैर्य एवं उनके मनोभाव कुण्ठित हो गये हैं किंतु ये प्रकृति का अद्भुद तोहफा है–

"आसमान में सूराख निस्तेज होते नक्षत्र
सँआसा सूरज मुंह फेरे चाँद
वर्फ में तब्दील समुद्र उखड़ते हिम-शिखर
रुद्ध कण्ठ झरने रेत में डूबी नदियाँ
राह भटकी हवाएँ और डगमगाती धुरी धरती की।" [21]

आदिवासी त्रासदी जिसमें भूख-प्यास, साजिशों का शिकार पूंजीपति दैत्यों का अट्टहास के बीच मुक्ति पाने की ललक एवं जिजीविषा द्वारा 'भूखी आँतें' कविता में अपनी पीड़ा को अभिव्यक्ति प्रदान की है–

"भूखी आँते
होती है सन्तुष्ट धापे आदमी की आँते
मर जाने के बाद भी भरी-भरी यही
से पैदा होने लगती है
आदमी की त्रासद भूख और उससे परे हटने की
आदत डालने का प्रयास करती भूखी आँतें
धीरे-धीरे खाली, पोली, तब्दील होती अन्ध सुरंगों में

x x x

यकायक गूंजता है अट्टास
भूखी आंतों की सुरंग में
उगमगाता है सिंहासन
भूखी आँतें बनाने वाले जिन्न का
सामने आता है जिन्न का असल जीवन
जीवन भर की गयी साजिशों की चिता के लिए
लादे लकड़ियों का गट्ठर
दिखता है लकड़हारों का झुण्ड
थके-हारे झुण्ड की विश्रांति के लिए
जन्मता है आग का अब तक
भूखे इन्सान की आंतों में मुक्ति बनकर भूख की।" (पृ. 23-24)

आदिवासी सदियों से शोषित दमित नदी की तरह तथा शोषक पूंजीपति सागर की तरह हैं। दोनों का संघर्ष जारी है कविवर हरिराम मीणा ने 'आक्रोश' कविता में अपनी पीड़ा को उजागर किया है–

"सदियों से बहती नदी
धरती को उर्वरा करती महज
इसलिए कि कोई उसे बांझ नहीं कहे
मगर खारी धरती पर
कब तक करे आत्म समर्पण
आखिर करना ही था अंततःपूर्ण स्खलन
सागर होता रहा है तृप्त मगर
नदी अभी भी अभिशप्त
लहर बनकर करती है असफल संघर्ष
टकरा-टकरा कर तट से अपने आप से

जीती रहती है पल-पल
महल अस्तित्व के लिए नहीं
प्रत्युत अस्मिता और गरिमा के लिए।" (पृ. 30)

दलित, शोषित, आदिवासी, सर्वहारा का नायक 'एकलव्य' के साथ सामन्तवादी गुरू द्रोण द्वारा भारतीय गुरूतम न्याय व्यवस्था मत्स्य न्याय व्यवस्था, कबूतर एवं बिल्ली न्याय एवं 'जीवो जीवस्य भक्षणम्' व्यवस्था को उपघटित करते हुए कवि हरिराम मीणा ने अपनी कविता एकलव्य में लिखा है–

"कान पक गये सुनते 'गुरू की महिमा
आज्ञाकारी शिष्य, दक्षिण में अंगूठा,'
मैं भी राजा का बेटा, अधिकारी विद्या का
एकलव्य, क्या ऐसा ही कुछ कहा नहीं तुमने
आचार्य, द्रोण को, भोले तुम,
आदिम-परंपरा में पला हुआ निर्मल मन
गुरु था अनुबंधित समझौता
हठ तो नहीं, विनय ही की थी
घोर निरादर सने टके सा सुन जवाब
उम्मीदों का ढूह ढहा
छाती में जैसे तीर चुभा (पृ. 31)
घर न लौट
वस्तुतः गये 'गण चिन्ह' वृक्ष तक
जहाँ-निकट की गीली माटी से
आचार्य द्रोण की मूर्ति बनायी
जिसके चेहरे के भावों में गुरूता नहीं
पक्षधरता की लघुता झलकी, उस प्रतिमा को देख
'तू अनार्य
तू निषाद
तू शूद्र, नीच
दीक्षा लेगा हमसे?" (पृ. 32)

यह शब्द सुनकर एकलव्य ने आत्मप्रेरणा से उद्‌भुद होकर–

दाहिना हाथ गया तरकस पर
बाण चढ़ाया साधा
खींची प्रत्यंचा कंधे तक (परंपरा से सीखा)

x x x

प्रोफेसर [illegible] अध्यक्ष
जयनारायण [illegible] विश्वविद्यालय
जोधपुर

पहला तीर बिंधा मस्तक लो
प्रणाम किया गुरु
कहा और कर दी बाणों की वर्षा
थमी न होगी तब तक जब तक
क्षत-विक्षत न हुई वह प्रतिमा
यह 'दुस्साहस' देख
गुरु की आज्ञा से शिष्यों ने छोड़ा होगा कुत्ता
किंतु झपटने से पहले
मुख बाणों से भर दिया
बिन प्राण लिये भेजा वापस
(देखा–) गुरु ने शिष्यों ने
"प्रिय श्वान! बाण भरे तरकस सा
जबड़ा लहूलुहान यह हाल!!" (पृ. 33)
(अद्‌भुत कोशल लेकिन दुस्साहस)
एकलव्य, उस वक्त अकेले थे तुम वन में
गुरु की अगुवाई में सब शिष्यों ने घेरा
पकड़ा, पटका तुम्हें धरा पर
और अंगूठा....
बर्बरता नाची होगी इर्द-गिर्द
चहुँ दिशि में गूँजा क्रूर अट्टहास...
आदिम कुल कौशल का प्रतीक
वह कटा अंगूठा
धरती पर जब तड़पा कुछ पल
उस वक्त, बताओ एकलव्य
धोखे से घायल बाघ समान नहीं थे तुम
चीखे चिल्लाये नहीं दहाड़े ही होंगे। (पृ. 33)

एकलव्य का अंगूठा काटना सामन्तवादी आचार्य की जार-साझी थी जिसमें विदेशी व्यापारियों की अनन्त संभावनाओं का खुला बाजार था–

कटा अंगूठा एकलव्य
था मात्र देह का अंग नहीं
कुछ था उसके पीछे जैसे-
कौशल की आदि -नदी

अविरल श्रम का गहरा सागर
रत्नों का ऊँचा पर्वत
स्वप्नों का अनन्त आसमान
जन संस्कृति की फलवती धरा
उस सबको
हरने का प्रयास था छुपा हुआ
उस घटना में।"[22]

एकलव्य का अंगूठा काटने के बाद उसकी दशा 'घायल बब्बर शेर' जैसी थी यही यात्रा महाभारत से लेकर आज तक जारी है–

संघर्षों का क्रम लम्बा था
सतयुग से लेकर द्वापर तक
आगे भी...
द्वापर का वह महाभारत
उस एक युद्ध की अल्पावधि में
जाने कितने युद्ध छिड़े द्रोपदी, शिखण्डी,
कर्ण, द्रोण, अश्वत्थामा, अभिमन्यु, पितामह
पाण्डुपुत्र, कौरव उनके साथी-संगी
सबके अपने अपने प्रण, प्रतिबद्धता, विवशता
सब लड़े लड़ाई निजी निजी।
तुम बिना लड़े सिद्ध हुए एक महायोद्धा
अर्जुन न लड़ सका तुमसे
किस धर्मयुद्ध के लिए तुम्हें ईश्वर ने मारा?
यह प्रश्न
काल के झोले में कब तक अनसुलझा?"

भारतीय संस्कृति जिसे कहते हैं वह परंपरा की ऐसी सडांध है जिसमें धर्म के नाम पर, अशिक्षित, जंगली एवं आदिवासी कहकर उसका भद्दा मजाक करते हैं।

"मरते हैं व्यक्ति न परंपरा प्रतिरोध नदी बहती रहती
घाटियाँ पार करती, चट्टान तोड़ बढ़ती-
आगे चलती...
हाँ एकलव्य वह ईश्वर था
(अच्छा है अमर रहे, खुश रहे स्वर्ग में)

यहाँ भाग्यवाद के नाम पर मरने वालों को ईश्वर बना दिया जाता है यथा ईसा को फाँसी पर चढ़ाकर उसे क्रूस देवता जिससे बना देते हैं। जीतने वालों को नियति कह देते हैं–

"मृत्युलोक का धर्म निभाना होता है
उस महायुद्ध में जो हारे वे खत्म हुए
जो जीते,
वे चल दिये नियति की राहों पर।"[23]

ये जय काव्य, महाभारत, गीता सभी में उस एकलव्य को पापी, असुर, दैत्य एवं दस्यू कहकर कविताएं लिखते हैं–

"अरे सखा अर्जुन एकलव्य वध के प्रेरक,
यह गहन द्वंद्व, असफल 'गीता'
निस्वन यह वन बूढा पीपल
जिसकी छाया में बैठा मैं
अभ्यन्तर पश्चाताप सघन
किस विधि प्रायश्चित करूँ आज
सौगंध तोड़ अमलिन निषाद को क्यों मारा?"[24]

'सरकण्डे' कविता में एक आदिवासी को किस प्रकार शोषण से दलित बना दिया। सरकण्डे अर्थात् एक रेगिस्तान का कूँचा नाम का पौधा (घास) जिसके हाथ लगाने मात्र से हाथ कट जाता है। वह कुँचा कई दिनों बाद बड़ा होने पर चाँदी का मुकुट लगाकर, झण्डाबरदार तुर्रा सा उस पौधे पर निकल आया। यह तुर्रा वाला पौधा आदिवासी है। 'सरकण्डे' सूर्य के गोले से उसके चांदी जैसे पते तेज हवा में हवा में उड़ गये। रात्रि में आदिवासी बच्चों के आँख मिचौनी खेल में यह सरकण्डे के पौधें भूतनी जैसे हिलते हुए नजर आते थे। इस समाज में एकता नहीं है आदिवासी लोग पूंजीपतियों के यहाँ जाकर सरकण्डों की तर पकने पर अपने आप का निमंत्रण देते हैं कि हमें तुम इस प्रकार काटो। वे एक दूसरे आदिवासी को मारने के लिए, काटने के लिए उसे निमंत्रण देते हैं। जिस प्रकार सरकण्डे के सूख जाने पर उसे काटने पर भी वह छप्परी (झौंपड़ा) बनाने के काम आता है–

"दिन छिपते ही रात भूतनी की आहट सुन
इनकी फुनगी इक-दूजी सी लिपटी रहती
सो जाती चुपचाप सुबह के इन्तजार में
x x x
पक जाने पर मुकुट कलंगी मोह छोड़कर

इनका कूंचा उन्हें बुलाता
जो इस जैसे
आओ प्यारो बेधर बारो, काटो मुझको
सब-पेंडी की ताकत से भरे हुए हैं
इनकी पतली पानी कूटों भिगो भिगोकर
मूंज बनेगी।" (पृ. 48)

इन आदिवासियों को कवि ने रूपकमय शैली में लिखा है–

"आज वह सरकण्डा, कभी मुकुट, कभी पेंडी, कभी मूंज
तो कभी, बढ़िया छान, रस्सी की दावण, सरकण्डों के मूढ़े
ठिगने पीढ़े, झाड़ू, कभी मध्यकाल में दरबारी फतवे से
पेन प्रिंट ब्रश बना होगा–
"ढीली होते ही रस्सी की दावण खींचो
x x x
सुंदर और टिकाऊ सरकण्डों के मूढ़े
x x x
छाज, चालने, झाड़ू, सरकण्डों के बनते
x x x
सरकण्डे की कलम काम में पहले आयी।" (पृ. 44)

ये आदिवासी सरकण्डों की पानी की तरह होते हैं जिसमें भैंस जैसे मोटी चमड़ी वाले सामन्त लोगों की चमड़ी चीरने की ताकत होती है–

"अब उद्दण्ड भैंस ने रगड़ा
बेहूदे, बेडौल डील को
खुजलाया या सरकण्डों की सुन्दरता को
तहस-नहस करने का कोई रखा इरादा
तब ही धारदार पानी ने चीरी
मोटी खाल भैंस की।" (पृ. 47)

अब उस सरकण्डे के पराग-कण सौंदर्य को नष्ट करने के लिए नीच से नीच प्राणी (गद्दा) भी नहीं चूकता है–

"देख अब बाहर
मुझे दिखा वह गधा मूंतता
और लीद करता कूंचे के आँगन में
देखो, कर दी हद्द गधे ने।" (पृ. 49)

लेकिन इस कूंचे की इतनी दुर्गति हुई कि कुत्ते भी नहीं बचे–

"कुत्तों का मौसम है भाई
ये भी क्यों चूकेंगे अपनी मनमानी से
आया झुण्ड बर्बरता भूत चढा सा
भाव-ताव में सभी कूकरे।"

आदिवासी बाहर से कठोर किंतु अन्दर से मुलायम होते हैं जिस पर सरकण्डे की ऊपरी परत कठोर तथा अन्दर का गूदा कोमल होता है–

"(इनकी) सरकण्डों की छाल ही रीढ-खम्भ है
सारी देह नरम गूदा है
इनकी पानी लचकदार तलवार दुधारी
इस पानी की परत-परत में ये सरकण्डे
x x x
ये सब आगे की बातें है
अब क्या कल्प वृक्ष से कम है?" (पृ. 52)

प्राचीन इतिवृत में काव्य को मिथ (गप्प) रूपक, अतिश्योक्ति, ब्याज स्तुति, आलंकारिक एवं आकाशीय ख्याली पुलाव द्वारा महिमा मण्डित करके आदर्श प्रस्तुत करना तथा सुखांतक काव्य का सृजन करना कवि का उद्देश्य था आज इलुकुश[25] (शल्यकुश) अर्थात् लव और कुश के रूप में बदल गये। जर्फरी, तुर्फरी [26] अथर्ववेद के शब्द कभी खल्दी (ग्रीक) भाषा के थे। जो अथर्ववेद में हैं। तृषत्-रूद्ध[27]>दशरथ यह शब्द मिताली (ग्रीक) भाषा का है। तुर्वसु की सन्तान यवन थी। [28] पुरू (पोरव) राक्षस था पुरूरवा>पुलुत्स्य लव (र>ल) यह लव ही लव पुरू था। वेद मानव निर्मित थे आचार्य चतुरसेन ने स्पष्ट करते हुए लिखा है कि पारासर के चार शिष्य पैल ने ऋग्वेद, चरक (वैशम्पायन जो याज्ञवलक्य के गुरु थे) ने यजुर्वेद तथा जैमिनी ने सामवेद वेदत्रयी की रचना की। शक-इंद्र (सिकन्दर) वैदिक आर्यों के प्रथम आर्य सम्राट थे। आदि इतिहास के मिथ के बारे में–

"मैं प्यारे सरकण्डों सावधान
रहना कुत्तों से ये आवारा
और लफंगे घुस जाते चाहे जिस घर में
इससे पहले ऐन वक्त पर
सम्भल गये थे सब सरकण्डे
पैनी पानी तनी हुई थी
खाल चीर दी इन भड़ुओं की
टूटे-ठूंठ और ऊपर से घुसे बदन में।" (पृ. 50)

इस पर [illegible]वासियों को आगे बढ़ने के लिए अनेकों झंझावातों का सामना करना है उनकी शरण में आयी कुतिया की वे रक्षा करते हैं–

"प्याँ...प्याँ करते कुत्ते भागे
कुतिया अब भी सही सलामत
सरकाण्डों की ठण्डी छाया में सुस्ताती
खतरे अब भी टले नहीं हैं
होशियार रहना सरकण्डों
तुमको लड़ने कई मोर्चे
इसीलिए कूँचे में इक जुट डटे रहो साहस संभल
कर पानी की तलवार तानकर।" (पृ. 51)

यह सरकण्डे बंजड जमीन में बिना पानी खाद के तैयार हो जाते हैं इनमें अद्भुद जीने की क्षमता है। बार-बार कटने के बाद फिर ये बहलाने लगते हैं–

"कितने महाप्राण सरकण्डे
मेड़ खेत की या कोई बजड जमीन हो
x x x
बार-बार कर भी बढ़ते कुछ भी तो
ये नहीं माँगते, बीज, खाद, पानी, रखवाली।" (पृ. 51)

आदिवासियों को प्रेरित करते हुए कवि हरिराम मीणा ने अपनी कविता में लिखा है–

"इतिहास परम्परा अर्थहीन
साहित्य सर्जना व्यर्थ
कविता की बातें करो नहीं
तुम जिस युग में हो, वह भाग रहा
द्रुत धावक घोड़े पर सवार पृथ्वी का चक्कर काट रहा।"
x x x
"प्रत्युत जीवन्त धरोहर है
यह विपुल खान अतिचार द्वंद्व-संघर्ष
विजय की जो देती है, प्रेरणा, शक्ति, संकेत
ताकि सुन्दर भविष्य की रचना हो तू भूल रहा
अपनी जमीन जड़े, परंपरा की ऊर्जा को
रे जिन हाथों में तू खो रहा वर्तमान
जिन लोगों का तू दास बना।" (पृ. 79)

संदर्भ

1. मानगढ एवं अन्य कविताएँ-हरिराम मीणा, पृ. 19
2. वही, पृ. 19
3. वही, पृ. 19
4. वही, पृ. 20
5. वही, पृ. 20
6. वही, पृ. 20
7. वही, पृ. 5
8. ओ, मेरी प्यारी कविता, हरिराम मीणा, पृ. 6
9. मानगढ एवं अन्य कविताएँ-वही, पृ. 14
10. विद्याधर बैताल आख्यान-विश्वम्भर नाथ उपाध्याय, वाणी प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली संस्करण-2008, पृ. 7
11. मानगढ एवं अन्य कविताएँ वही, पृ. 6
12. वही, पृ. 7
13. हँसी की कविता, हरिराम मीणा, पृ. 7
14. मानगढ एवं अन्य कविताएँ-हरिराम मीणा, वही पृ. 8
15. भोर एवं अन्य कविताएँ-हरिराम मीणा, पृ. 8
16. मानगढ एवं अन्य कविताएँ (किरण) हरिराम मीणा पृ. 8
17. वही, (आग) हरिराम मीणा, पृ. 8
18. वही, पृ. 9
19. वही, पृ. 22
20. वही, पृ. 22
21. वही, पृ. 22
22. वही, पृ. 22, 23
23. वही, पृ. 34
24. वही, पृ. 38
25. वही, पृ. 39
26. भाषा-केन्द्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, पृ.43, 44
27. वही, 43, 44
28. वैदिक संस्कृति पर दृग स्पर्श-आचार्य चतुरसेन, बैग्लो रोड, दिल्ली, पृ. 79

ISSN : 0435-1460

के.हि.सं. गवेषणा

अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान, भाषाशिक्षण तथा साहित्य चिंतन की त्रैमासिक शोध - पत्रिका

अंक-117 : आषाढ़ - भाद्रपद, 2076 / जुलाई-सितंबर, 2019



केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा

प्रोफेसर एवं अध्य
हिन्दी विभाग
जोधपुर

142 Ga
169.17-0

ISSN 0435-1460

के.हि.सं. गवेषणा

अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान, भाषा शिक्षण तथा साहित्य-चिंतन की शोध पत्रिका

अंक-117 : आषाढ़-भाद्रपद, 2076/जुलाई-सितंबर, 2019

परामर्श मंडल

प्रो. एम. वेंकटेश्वर
पूर्व प्रोफेसर, हिंदी विभाग, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषाएँ
विश्वविद्यालय हैदराबाद 500007
ई–मेल : mannar.venkateshwar9@gmail.com

प्रो. उमाशंकर उपाध्याय
पूर्व प्रोफेसर, सावित्री बाई फुले पुणे विश्वविद्यालय,
पुणे, महाराष्ट्र
ई–मेल : usupadhyay@gmail.com

प्रो. रामबख्श मिश्र
पूर्व प्रोफेसर, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
बनारस, उ.प्र.

प्रो. सुरेश गौतम
पूर्व प्रोफेसर, केंद्रीय हिंदी संस्थान,
आगरा 282005

प्रो. कुमुद शर्मा
प्रोफेसर, हिंदी विभाग, कला संकाय
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली–110007

संरक्षक
डॉ. कमल किशोर गोयनका
उपाध्यक्ष, केंद्रीय हिंदी शिक्षण मंडल, आगरा
ई–मेल: kkgoyanka@gmail.com

प्रधान संपादक
प्रो. नन्द किशोर पाण्डेय
निदेशक, केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा
ई–मेल: nkpandey65@gmail.com

संपादक
डॉ. ज्योत्स्ना रघुवंशी
विभागाध्यक्ष, अनुसंधान एवं भाषा विकास विभाग
केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा
ई–मेल: drjyotsnar@gmail.com

अनुसंधान एवं भाषा विकास विभाग

केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा
मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार
हिंदी संस्थान मार्ग, आगरा – 282005
दूरभाष : 0562-2530683/684/705

प्रोफेसर एवं अध्य
हिन्दी विभाग
जवाहरलाल नेहरू
जोधपुर

के.हि.सं. गवेषणा, अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान, भाषा शिक्षण तथा साहित्य-चिंतन की शोध-पत्रिका

अंक-117, आषाढ़-भाद्रपद, 2076/जुलाई-सितंबर, 2019

© **सचिव, केंद्रीय हिंदी शिक्षण मंडल, आगरा**

प्रकाशक : विभागाध्यक्ष, अनुसंधान एवं भाषा विकास विभाग,
केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा

संपादकीय कार्यालय : अनुसंधान एवं भाषा विकास विभाग, केंद्रीय हिंदी संस्थान,
हिंदी संस्थान मार्ग, आगरा - 282005
फोन/फैक्स 0562-2530684
ई-मेल : gaveshnapatrika@gmail.com

सदस्यता शुल्क :

व्यक्तिगत	प्रति अंक	रु. 40.00	
	वार्षिक	रु. 250.00	(डाक खर्च सहित)
संस्थागत	वार्षिक	रु. 350.00	(डाक खर्च सहित)
विदेशों में	प्रति अंक	$ 10.00	
	वार्षिक	$ 40.00	

मुद्रक : राष्ट्रभाषा ऑफसेट प्रेस, आगरा

'गवेषणा' में प्रकाशित सामग्री से संपादक मंडल या संस्थान की सहमति होना अनिवार्य नहीं है। प्रकाशित सामग्री के उपयोग के लिए स्वामी/प्रकाशक की अनुमति आवश्यक है।

स्वामित्व : **सचिव, केंद्रीय हिंदी शिक्षण मंडल, आगरा**

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर

अनुक्रम

प्रधान संपादक की कलम से/ **प्रो. नन्द किशोर पाण्डेय** 5-13

संपादकीय/ **डॉ. ज्योत्स्ना रघुवंशी** 14

सैद्धांतिक पक्ष

राष्ट्रभाषा की अवधारणा, स्वरूप एवं महत्व — **हेमांशु सेन** 15

मानव एवं मानवता की भूषण : हिंदी भाषा — **बद्री प्रसाद पंचोली** 25

भाषा तकनीक

भाषावैज्ञानिक अनुसंधान में कंप्यूटर की भूमिका — **दिलीप सिंह** 32

तात से दादा और डैड/dad — **पूर्ण सिंह डबास** 40

पारिभाषिक शब्दावली का निर्माण — **लक्ष्मण प्रसाद सिन्हा** 49

मीमांसा

डॉ. रामविलास शर्मा के भाषिक चिंतन का भारतीय आधार — **ऋतम्भरा तिवारी** 61

कथालोचना के विकास में आचार्य विष्णुकांत शास्त्री का योगदान — **अर्चना पाण्डेय** 70

साहित्य

अज्ञेय के निबंध साहित्य का विचार जगत — **सदानन्द प्रसाद गुप्त** 79

दरबारी काव्य का प्रतिपक्ष और नज़ीर की कविताई — **निवेदिता प्रसाद** 87

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर

क्या प्रेमचंद अपनी ही नायिकाओं के प्रेम एवं विवाह के विरोधी हैं? मुश्ताक़ अली 96
सत्यान्वेषी संत कबीर और उनकी प्रासंगिकता सुमित मोहन 102
'शाम की झिलमिल' उपन्यास में बदलते जीवन मूल्य मुख्यार सिंह 110
भारतभूषण अग्रवाल की काव्य-संवेदना उमेश चन्द्र 117

विविध

लोक साहित्य-लोकोक्ति के.एन.एल.वी. कृष्णवेणी 124
चुनौतियों को झेलता आज का हिंदी रंगमंच रेखा पतसारिया 135
गाडोलिया लुहारों के लोकगीतों में समाज और संस्कृति महीपाल सिंह राठौड़ 142
साहित्यिक अनुवाद : सामाजिक, सांस्कृतिक वैशिष्ट्य और भाषा की सामर्थ्य-सीमा कल्पना पाठक 147

साक्षात्कार

दादूपंथ ने भारतीय समाज को समरस बनाया : प्रो. नन्द किशोर पाण्डेय अमरेन्द्र त्रिपाठी 152

इस अंक के लेखक

सदस्यता फार्म

महीपाल सिंह राठौड़

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर

ंजीयन म.प्र./भोपाल/4-472/2018-20
ा दिनांक : 27 फरवरी 2020, पृ.सं. 116
न दिनांक : 20 से 25 प्रतिमाह

आ.ए.आई.क्र. : 38970/83
आई.एस.एस.एन.क्र. : 2456-7167

मूल्य 25/-

38 वाँ वर्ष

मार्च 2020

180

अक्षर

साहित्य की मासिकी

फागुन के दिन चार,
होली खेल मना रे।
सील संतोख की केसर घोली,
प्रेम प्रीत पिचकार रे।
उड़त गुलाल लाल भयो अंबर,
बरसत रंग अपार रे।।

– मीरा बाई

3/3/20 मही

अक्षरा

180



कैलाशचन्द्र पन्त
प्रधान सम्पादक

सुशील कुमार केडिया
प्रबंध सम्पादक

डॉ. सुनीता खत्री
सम्पादक

श्रीमती-जया केतकी
सम्पादन सहयोग

करुणा सोंधिया
अक्षर-संयोजन

वार्षिक सदस्यता शुल्क : 300 रुपए
दस वर्षीय सदस्यता शुल्क : 2500 रुपए
एक प्रति 25 रुपये
विदेशों के लिए : एक अंक : 5 डॉलर, वार्षिक : 60 डॉलर
चेक या ड्राफ्ट 'म.प्र. राष्ट्रभाषा प्रचार समिति- 'अक्षरा' के नाम देय
ऑनलाइन पेमेंट के लिये- इलाहाबाद बैंक, हिन्दी भवन शाखा, भोपाल
Ac/ No. 50413818696, IFSC-ALLA 0212241

सम्पर्क : म.प्र. राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, हिन्दी भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल - 462002 (म.प्र.)
दूरभाष : 0755- 2660909, 2661087, ई-मेल - myakshara18@gmail.com
hindibhawan.2009@rediffmail.com
वेबसाइट - www.madhyapradeshrashtrabhasha.com

प्रकाशक, मुद्रक कैलाशचन्द्र पंत, भोपाल द्वारा, स्वत्ताधिकारी मध्य प्रदेश राष्ट्र भाषा प्रचार समिति, हिन्दी भवन, भोपाल से प्रकाशित एवं श्रेया ऑफसेट, 4 लाजपत भवन, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल से मुद्रित।

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर

महीपाल सिंह राठौड़



अक्षर

अंक - 180 मार्च - 2020

सम्पादकीय

धरोहर

शिक्षा की भारतीयता : **पं. भवानी प्रसाद मिश्र** 9

सबद निरंतर

मुक्त चेतना के कवि अज्ञेय और उनका सान्निध्य : **रमेशचन्द्र शाह** 12

आलेख

ब्रह्म से संवाद : **नरेश** 19

वैज्ञानिकों ने स्वीकारा आत्मा का अस्तित्व : **प्रमोद भार्गव** 23

बापू-पृथ्वी पुकार रही है- लौट आओ : **सुखदेव प्रसाद दुबे** 27

हिन्दी साहित्य और संत मलूकदास : **कृपाशंकर शर्मा 'अचूक'** 32

उर्वशी! अपने समय का सूर्य हूँ मैं : **अजीत कुमार राय** 34

नाथपंथ के सिद्ध पुरुष : योगिराज गंभीरनाथ : **राजकुमार गुप्ता** 40

संस्कृति के संवाहक शब्द : **महीपाल सिंह राठौड़** 42

निबंध

मुझे लौटा दो मेरा वो गाँव : **गंगाप्रसाद बरसैंया** 47

रिपोर्ताज

न दैन्यं न पलायनम् : **श्रीकान्त उपाध्याय** 51

व्यंग्य

यह कैसा शोक : **सुमन ओबेराय** 55

यात्रा संस्मरण

मोनाको : निर्धनहीन देश की समृद्ध यात्रा : **नर्मदाप्रसाद उपाध्याय** 57

कहानी

आ ही गयो री फागुन त्योहार... : **शुभदा मिश्र** 61

जीवन कुंभ : **तनूजा चौधरी** 67

बोझा : **रमेश शर्मा** 70

अकथ : **कौशलेन्द्र विक्रम सिंह** 74

मन्नत : **गोकुल सोनी** 77

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर

लघुकथा

समीकरण : **रेणुका अस्थाना** 79

दीपू की दीनता : **मीरा जैन** 80

कविता

लौटकर आएँगे दिन, आदमी आया है : **किशोरीलाल व्यास** 81

उत्सव खुशियों का : **सविता दास** 82

मेला, अंकुरण : **शिवकुमार दुबे** 83

कविता : **राकेश अग्रवाल** 84

कविता! तुम जीवन हो, चलते रहने का हौसला : **मंजूषा मन** 85

मुस्कान अधर की, शब्द : **गोवर्धन कुमावत** 86

यह होली हो सुखदाई, रंगों का रंगीन मिजाज, होली की हुड़दंग : **ओम उपाध्याय** 87

गीत / नवगीत / दोहे /गीतिका/ हाइकु

बसंत गीत, बसंती दोहे, भोर का धुँधलका : **गिरिमोहन गुरु** 88

कर्म-मथानी, छन्दों का संजीवन ले : **मनोज जैन 'मधुर'** 89

फागुन के दोहे : **वर्षा चौबे** 90

गीतिका : **सत्यप्रकाश सक्सेना 'चिराग'** 91

बँधे देश के पाँव : **रामनिवास मानव** 92

बाल-पृष्ठ

छाया मधुमास, फगुवाई होली : **राजेन्द्र निशेश** 93

समय और विचार - 2

साहित्य की विचार-सत्ता : **रमेश दवे** 94

पुस्तक चर्चा

लक्ष्मीनामा : **रामेश्वर मिश्र पंकज** 97

पुस्तक परिचय

भीम बैठका (नारायण व्यास) : **पहाड़ी** 102

इज़्तिरार (प्रबोध कुमार गोविल) : **उषा सक्सेना**

समीक्षा

गिलिगडु (**चित्रा मुद्गल**) : **एम.ए. पीराँ** 103

ये सूरत बदलनी चाहिए (**मीनाक्षी जोशी**) : **पहाड़ी** 105

वंदेमातरम् के पथिक (**छाया त्रिवेदी**) : **इला घोष** 106

समीक्षा के आइने से-2 (**बूलाकार**) : **युगेश शर्मा** 107

अद्वैत का प्रकाशोत्सव (**पुष्पारानी गर्ग**) : **आशा वडनेरे** 108

कहाँ हो बसन्त (**सुरेशचन्द्र शर्मा**) : **रामप्यारे प्रजापति** 109

तंत्र कथा (**कुमार सुरेश**) : **ओम वर्मा** 110

पत्रांश 111

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
जनार्दन राय नागर विश्वविद्यालय
जोधपुर

ISSN : 2393-8358

Vol. 3, No. 1

February-March 2016

Interdisciplinary Journal of Contemporary Research

An International Refereed Research Journal

ISSN : 2393-8358

Interdisciplinary Journal of Contemporary Research

An International Refereed Research Journal

Vol. 3, No. 1 Year-3 February-March 2016

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर

ISSN : 2393-8358

Interdisciplinary Journal of Contemporary Research

An International Refereed Research Journal

Vol. 3, No. 1 Year-3 February-March 2016

Editor

Dr. Indranil Sanyal
Associate Professor and Head
Department of French
Assam University, Silchar, Assam

Joint Editors

Dr. Shrabanti Maity
Assistant Professor
Department of Economics
Assam University, Silchar, Assam
and
Dr. Avijit Debnath
Assistant Professor
Department of Economics
Assam University, Silchar, Assam

PUBLISHED BY
Department of French
S. K.C. School of English and Foreign Languages
Assam University, Silchar, Assam, India

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर

EDITORIAL BOARD

- **Dr. Susant Kumar Mishra:** Associate Professor, CFFS, JNU, New Delhi
- **Dr. Shilpa Samplonius Routh:** Researcher & Senior Lecturer, Stenden University of Applied Science, Emmen, The Netherlands
- **Dr. Daniel Ofosu:** Assistant Registrar & Lecturer, Koforidua Polytechnic, Ghana, West Africa
- **Dr. Papri Das (Sengupta):** Associate Professor & Head, Department of Zoology, Women's College, Agartala
- **Dr. Ritwik Mazumder:** Assistant Professor, Department of Economics, Assam University, Silchar
- **Dr. Raju Mandal:** Assistant Professor, Department of Economics, Assam University, Silchar
- **Dr. Moumita Ghosh:** Assistant Professor, Department of Economics, Southfield College, Darjeeling
- **Dr. Pronobesh Ranjan Chakraborty:** Assistant Professor, Department of French, Assam University, Silchar
- **Mr. Manash Roy:** Assistant Professor, Department of Economics, Assam University, Silchar
- **Mr. Kunwar Kant:** Assistant Professor, Department of Russian, EFLU, Hyderabad

ADVISORY BOARD

- **Prof. Henk Roelofs:** Stenden University of Applied Science, Emmen, The Netherlands
- **Prof. Satyanarayana Gonuguntla:** Department of Business & I.T, Manukan Institute of Technology, Auckland, New Zealand
- **Prof. E. A. Ofosu:** Department of Building Technology, Koforidua Polytechnic, Ghana, West Africa
- **Prof. Niranjan Roy:** Registrar (i/c), Assam University, Silchar
- **Prof. Alok Sen:** Department of Economics, Assam University, Silchar

MANAGING DIRECTOR

Mushtaque Ahmad

© Publisher

ISSN : 2393-8358

Head Office
Department of French, Assam University, Silchar, Assam, India
Cell : 09088120604, Email : ijcrjournal971@gmail.com

Branch Office
H.No. 498, Kakarmatta (South), Near-RPF Barak, Post-D.L.W., Distt.-Varanasi-221004 (U.P.)
Cell : 9415388337

Note:

- The views expressed in the journal "Interdisciplinary Journal of Contemporary Research" are not necessarily the views of the editorial board or publisher. Neither any member of the editorial board nor publisher can in anyway be held responsible for views and authenticity of the articles, reports or research findings.
- All disputes are subject to Assam jurisdiction only.

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर

EDITORIAL

अर्जुन एक नाम बृहन्नला नाम जो अज्ञातवास के समय एक नाम बृह (जौ या मूसली देव) नल — नर। स्त्री के वेश में अर्जुन। प्रभात वृहत् हिन्दी शब्दकोश खण्ड १ के अनुसार (सं. किम्+नर) पु. १. एकदेव जाति जो नृत्य गाने—बजाने विशेष साहित्य में इन्हें घोड़े के समान मुख वाला या 'तुरंगमुख' कहा गया है। किन्नरी स्त्री १. किन्नर जाति की स्त्री २. किन्नर की पत्नी ३. छोटी चिंकारा। किंगरी। छोटा तम्बूरा या छोटी सारंगी। किन्नरी वीणा — स्त्री वीणा का एक प्रकार जिसमें एक दो या तीन तूंबे तथा दो तार लगे होते हैं तथा जिसका स्वर कोमल होता है।[2]

ऐतिहासिक स्थानावली के अनुसार — किन्नर शब्द किम् नर वा नारी। 'किं पुरुष वर्ष शब्द पौराणिक भूगोल के अनुसार किम् पुरुष, जंबू द्वीप का एक विभाग है — भारतं प्रथमं वर्ष ततः किं पुरुषं स्मृतम् विष्णु, २/२/१२ इनका नाम जम्बुद्वीप के आग्नधि नामक राजा के पुत्र किं पुरुष के नाम पर पड़ा था। नाभिः किं पुरुषश्चैव हरिवर्ष इलावृत्त। किं पुरुष आदि आठ वर्षों के निवासियों की जरा मृत्यु के भय से रहित माना गया है — विपर्ययो न तेष्वस्तिजरा मृत्यु भयं न च' विष्णु २/१/२५ धर्माधर्म, उत्तम, मध्यम, अधम तथा युग व्यवस्था वहाँ नहीं है — धमधिमो न तेष्वास्तां नोतमाधममध्यमाः न तेष्विस्ति युगावस्था क्षेत्रेष्वष्टसु सर्वदा — विष्णुः २/१/२६ उपर्युक्त २/२/१२ के उल्लेख से यह इंगित होता है कि किं पुरुष देश भारत के पार्श्व में ही स्थित माना जाता है संभवतः यह तिब्बत या नेपाल का प्रदेश होगा जहाँ किं पुरुष या किन्नरी का निवास था। आज भी हिमाचल प्रदेश में स्थित तिब्बत की सीमा के निकट के क्षेत्र में रहने वाली कुछ जातियाँ किन्नर कहलाती हैं। ये अनार्य जातियाँ आर्यों के रीतिरिवाजों तथा संस्कृति से अनभिज्ञ अवश्य ही रही होंगी। महाभारत सभा. २८/१ में अर्जुन (भद्रा अश्व) को किं पुरुष देश पर विजय का वर्णन है — स श्वेत द्वीप वीरः समतिक्रम्य वीर्यवान् देशं किं पुरुषवासं द्रुम पुत्रेण रक्षितम्। इसके पश्चात् किं पुरुष देश में स्थित हेमकूट का उल्लेख है — हेमकूटमवासाद्य व्याविशत् फाल्गुनस्तथा। विष्णु, २१/१/१९ में भी हेमकूट का सम्बन्ध किं पुरुषों से बताया गया है — हेमकूट तथा वर्ष ददौ किं पुरुषाय सः। महाभारत, सभा २८/३ — किं पुरुष के हाटक नामक नगर को गुह्यकों (गुप्त शासकों) तथा यक्षों द्वारा रक्षित बताया गया है — तं जित्वा हाटके नामदेश गुह्य रक्षितम् कालिदास ने भी यक्षों की स्थिति मानसरोवर के निकट अलका में मानी है जो निश्चय ही रूस भूमि है। प्रो. गणेशी लाल सुथार — रूस भूमि को स्वर्ग भूमि तथा इस देश की भूमि को भूमा स्वर्ग मानते हैं।[3] लोकमान्य तिलक, राहुल सांकृत्यायन एवं समस्त भाषा विज्ञानी भी इस तथ्य से सहमत हैं।

रामधारी सिंह दिनकर ने भी लिखा है कि — "हम धरती को ही स्वर्ग बनाने आये है।" स्वर्ग शब्द की निरुक्ति या व्युत्पत्ति करें तो सुर्ग या सुर्ख अर्थात् लाल वर्णी जाति।

वृहन्नला में वृह अर्थात् जव या जवन या यवन नल में नर अथवा व्रीहि अर्थात् जव, जौ को मुसली के आकार का है अतः वह मुसली देव या लाठी या मुदगर या रट्ठीय, या राष्ट्रीय का वाचक है। अर्जुन, भरत वाचक भी है, कहीं कहीं पर इन्द्र वाचक

भी है। प्राचीन काल में सभी व्यक्ति भरत वाचक थे। कालान्तर में अर्जुन नये नये वेश बदलने के कारण वैशनव या वैष्णव का भी वाचक बना। अमरकोश में देवता इन्द्र को दस–रूपक अर्थात् दशनामी बताया गया है। (द सिकन्दर) द स्कन्द अर्थात् दिशाओं को सिकन्दर ने जीत लिया था वह समुद्री लुटेरे के अर्थ में भी प्रयुक्त हुआ है। विष्णु को गरुड़ स्तम्भ स्थापित करने के कारण ग्रीक भाषा में 'होलियो डरायस' भी कहा जाता है। कामायनी में उसे किरात वेशधारी चमकीले पुतले देव नहीं थे हम भूले थे सब भोग। आदि कई रूपों में व्यंजित किया गया है। जयशंकर प्रसाद ने इन्हें हेक्सास तथा यक्ष[४] नाम से उपमित किया है।

'किन्नर देश'[५] तिब्बत एवं हिमाचल प्रदेश का भूभाग। आजकल हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी प्रदेश तथा लाहुल (राहुल) प्रदेश। कुछ जातियाँ कन्नोडिया या किन्नर कहलाती है। जिसकी राजधानी अलका थी कुबेर जिनका अधिपति कहलाता है। अमरकोश १/६९ कुबेर को किन्नरनरेश कहा गया है जिससे सूचित होता है कि किन्नरों का निवास कैलाश पर्वत के परवर्ती प्रदेश में था।[६] सिकन्दर पुलुत्स्य वंशी (ग्रीक शासक) था पुलुत्स पोलुत्स्य या पोलिस ग्रीक शब्द से बना है। भारत में वह पुलु या पुरु (र–ल हो जाता है प्राकृत सूत्रानुसार) नाम, पौलुस नाम, पुरुष (सूक्त) नाम, पोरुष अथवा पुरुषोत्तम नाम से जाना जाता है वह एल्लाक (सिकन्दर का नाम एलेक–जेण्डर) अर्थात् इराक का शासक था। यह इन्द्र भारतीय इतिहास में मुकदर (भाग्य) का नाम सिकन्दर के नाम से जाना जाता है। भारत में सिक्का तथा इराम में दरम् (द्रम–दाम) अर्थात् सिकन्दरम् सिक्का तथा द्रम दोनों का वाचक बना। सिकन्दरम में सक–इन्द्रं अर्थात् सक – शक भारतीय राष्ट्रीय संवत् का वाचक बना। इतिहास की चक्रीय अवधारणा प्रसिद्ध है कि यवन – एवन (श्रेष्ठ) ही शकटार सिकन्दर था। इन्द्र (शक–इन्द्र) ने अपने पिता का वध किया था। वह गल कटों का सरदार था वह प्रेतों का बादशाह था। उसने ऐल (एलेक्जेण्डर) आह वा अल्लाह दुनिया को रूला दिया था या मग जाति का पंडित था जिसे इतिहास में मग दुनिया मेसोडोनिया (मीडिक) मीडिया के नाम से जाना जाता है। वह एलिया, एलिक सुन्दर, सुन्दरनंद, एल्लो, हेलो का वाचक सिकन्दर ही था। इसे अलसान्द्र, रामसान्द्र, रामचन्द्र, रामजिन्द, जिन्दशाहपौल, पेल, पुरु, पृथ्वी सम्राट, पृथ्वी वल्लभ कई नामों से अभिहित किया जाता है। सिकन्दर को किन्नर या 'अर्धेश्वर'[७] भी कहा जाता है।

फारसी अर्थात् पोरस गुप्त (गुह्य) विद्या के निष्णात् आचार्य थे कीरोडोटस[८] इस देवयवन जाति के आने से भारत में कॉम या खौप एवं रक्त दोनों दौड़ने लगा। इतिहास अपने को दुहराता है। सिकन्दर लाल रंग का तुर्रा शीर्ष पर धारण करता था। उसे द सिक्कंदर (द स्कन्द) ए मक्दुनी, मिस का फैरो, पारस का शहंशाह कहा जाता था।[९] सिकन्दर मग–दुनिया से आया था 'इनका पुजारी बरमक (ब्राह्मग) होता है। वर–मग से मगों में श्रेष्ठ याजक लक्षित होता है। मल लोग ही मज्द (पारसी या ग्रीक) धर्मावलम्बी कहे जाते हैं।' भारत विजय के बाद सिकन्दर भोग विलासी, रासरंग एवं मद्यपान में डूबा रहता था।[१०] उसका नाम पर्व (उच्छब या उत्सव या ऋषभ) का पर्याय बन गया था। सिकन्दर ने सुमाचीन (प्राचीन भारत का नाम) देश के 'तक्षशिला विश्वविद्यालय' को नष्ट किया। सिकन्दर पार & sea (पारसी) समुद्र देवता था।[११] शकों की गुह्य, गुप्त लिपि, कुट्टिल लिपि नाम से भी जानी जाती है। सिकन्दर ने युद्ध विजय के लिए पर्वत के नुकीले (top) स्थल को चुना वह कैलाश पर्वत को वर्षपर्व के रूप में मानते हैं। यहाँ सिकन्दर को अर्धेश्वर के रूप में वर्णित किया गया है।

इस देश में ग्रीकों ने मेरुनिज, निशा प्रदेश और हाइपर बोरियन्स (hyperborrians) के प्रसंग में लिखा है। जिसमें असुरों और देवों के युद्ध का वर्णन है ग्रीकों ने भी इसी प्रदेश को देखकर कहा था कि पिता दूनकेश (Duinesus) ने एक बार स्वर्ग विजय किया था।

अब दूसरी बार सिकन्दर ने इसे विजय किया है। यह कोहमीर (कश्मीर) वैदिक त्रिककुट और पौराणिक त्रिकूट का एक शृंग (चोटी) है। त्रिकूट (Y) के तीनों उच्च शृंग पेशावर से ही दिखाई देते है।

यहीं पर स्वर्ग–सुख का आनंद लेने के लिए इन्द्र (सिकन्दर) ने दस दिन (दस इन्द्र, दशकन्द्र भोग) बड़ा भारी महोत्सव मनाया था।[१२] विजय दशमी उत्तर प्रदेश की निसर्ग–रमणीयता का उल्लेख करके ग्रीकों ने बड़े उल्लास से कहा था कि सचमुच यही पृथ्वी का स्वर्ग है।[१३] यहाँ मात्र किन्नर शब्द का निर्वचन करना ही हमारा अभिप्रेत है। ऋग्वेद में सक इन्द्र (सिकन्दर) की विजय का वर्णन है। शकइन्द्रस्य नु वीर्याणिप्रवोच १/२१/१ वह विश्व जेयी, विजयी, सप्तसन्धु, सुर (सुर–रूस) वीर, (वीर्यवान) महावीर सुन्दर घोड़ों का घुड़सवार था। विश्व में उनसे बड़ा घुड़सवार न तो कोई हुआ न होगा। विश्व में रूस (ग्रीक) के घोड़े दुनिया भर में प्रसिद्ध थे। यूनानियों ने प्रथम बार इस देश को घोड़ों की जानकारी करवायी। वह अलेक्–जेण्डर था। जेण्डर बोध अर्थात् शिवलिंग का संज्ञान करने वाला प्रथम देवता था। उन्होंने (सिकन्दर) अपने मित्रों, अपने गुरु के पुत्र, अपनों का हत्याए भी कहा जाता है। उनसे प्रेतात्मा आदि भी खौफ खाते थे। अवेस्ता के अनुसार इन्द्र शौर्व (शर्व य शव) तथा नासत्य (नाजी) दुष्यत्माओं में गिने जाते हैं। जिसकी पहचान इजहाईनेश, यूनान U-known (यूनान) से की जाती है। इनके (सिकन्दर) सिक्कों पर सिंह (सिंग) वाले व्यक्ति के रूप में दिखाया गया है। वह नरसिंह एवं अश्वमुख (किन्नर) था। यह किन्नर ही यक्ष था। ये Hittite हिटाइट ही क्षत्रिय (Khatti) थे। इन्होंने Hyksos (यक्ष) ने २२०० ईसा पूर्व में मिस्र देश में राज्य किया और इन्हीं आक्रमणकारी इक्ष्वाकुओं (Hyksos) ने घोड़ों से मिस्र देश को परिचित कराया था।[१४] उसने पृथ्वी का सारा धन जीत लिया था वह 'धनन्जय' (विष्णुपुत्र) था।[१५]

सिकन्दर का पिता इतिहास में फिलिप (अपोलो)[१६] देवता के रूप में जाना जाता था। यूनान में अपोलो तथा डायना के सम्बन्ध में कहा जाता है कि उनमें स्त्री–पुरुष दोनों का समान प्रतिनिधित्व था। बेबिलोन वाले यह विश्वास रखते थे कि सबसे प्रथम जो पुरुष उत्पन्न हुआ उसके दो सिर थे एक स्त्री का दूसरा पुरुष का। शरीर में भी दोनों लिंगों की इन्द्रियाँ अंकित थीं। शैव हिन्दू शिव का एक रूप अर्धनारीश्वर मानते हैं। एलोरा (एलेक्–जेण्ड्रिया भारत का भूभाग) की गुहा में अर्धनारीश्वर की एक भव्य मूर्ति है जिससे आगे चलकर शरीर का बायां अंग स्त्री का माना जाता है। हिन्दू–स्कन्दू–सन्दू पत्नियाँ अर्धांगिनी कहलाती हैं। अनेक देशों के पुरातन साहित्य में कहा गया है कि पहले स्त्री पुरुष जुड़े हुए (भोगरत) थे, पीछे पृथक्–पृथक् हुए।[१७] भारत में इसे युगनद् (यामल) शिव–शक्ति सृष्टि कहते हैं। किन्नर कामदेव एवं रति का युगनद् रूप है। डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी ने 'मकर' (समुद्र) केतन (ध्वज) को वरुण कहा है।[१८] तथा कामदेव के प्रधान सहायक गन्धर्व और अप्सराएँ हैं.... कमल में ही वरुण और उनकी स्त्री–गौरी वास करती है। समुद्र रत्नालय और वरुण समुद्राधिपति हैं। ....बाद में यह शब्द कुबेर का वाचक हो गया। यह लक्ष्य करने की बात है कि लक्ष्मी जो बाद में विष्णु की पत्नी हुई एक नाम वरुणानी भी है।[१९]

ये किन्नर देव वरुण काम उपासक थे। 'कुबेर वरुण ही भागवत है। गुप्तकाल में इसे गुह्यतर बना दिया गया। यथा चन्द्रगुप्त, स्कन्द गुप्त विष्णु गुप्त एवं समुद्रगुप्त आदि गुप्त सभी वरुण समुद्र के ही वाचक है। यह कवि प्रसिद्धि एवं काव्य रूढ़ि या काव्य मिथ है।'[२०]

अमरकोष में अमरसिंह ने किन्नर को देवयोनी माना है तथा देवाओं की दस योनियाँ बतायी हैं –

विद्याधरः अप्सराः यक्षः रक्षः गन्धर्वः किन्नराः।
पिशाचः गुह्यकः सिद्धः भूतः अमी देव योनयः।।[२१]

विक्रम वेताल इन्हीं पयविज्ञान विद्या सम्पन्न होने के कारण इस देश का संवत् विक्रम संवत् के नाम से अभिहित किया जाता है जो मूलतः शक संवत् ही था। किन्नर भी यक्ष (इक्ष्वाकु), गन्धर्व के समान किरात के पार्वत्य लोग हैं। महाभारत के वन पर्व में इन जातियों की चर्चा है। किरातों को नुकीली चोटी वाले, सोने के रंग के, कच्चा माँस और मछली खाने वाला बताया गया है।

किन्नर हिमालय में रहते थे। जातकों के अनुसार वे चन्द्र, पर्वत गन्धमादन मलयगिरि और त्रैकुटक पर्वतों पर रहते थे। जातक ही बताते हैं कि वे जोड़ों में घूमते थे और बाणभट्ट के लेखन में किन्नर युगल पाया जाता है। प्राचीन इण्डोनेशिया (इन्द्र–नाजि–या) मन्दिरों में

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर

भी वे दो जोड़ी के रूप में किन्नर युग्म दर्शाए गए हैं। किन्नरों को अधिकतर शिल्प में घोड़े के मुख वाला मानव या मानव के मुख वाला घोड़ा दिखाया गया है। भारत में इन्हें भद्राअश्व (सुभद्रा—अर्जुन) तथा रोहिताश्व (लोहित अर्थात् रक्तवर्णी अश्व) के नाम से जाना जाता है। इसी कारण मोनियर विलियम्स, डाउसन और पिनकोट ने इन्हें काल्पनिक प्राणी माना है।

आलोचक आनंद कुमार स्वामी साहित्य में अश्व मानव का वर्णन करते हुए लिखते हैं— वेद में दध्यन्च मुनि जिनके अश्व का सिर था और जिन्होंने अश्विनी कुमारों को मधुविद्या सिखाई थी। अश्विनी को भी जगह—जगह अश्व के मुख वाला कहा गया है। कुमार स्वामी ने अश्व मुखी पुरुष नारायण और विष्णु के हयशिरस, हयग्रीव रूप को खोज निकाला। बोध गया, सांची और पाटलीपुत्र के शिल्पों में यक्षिणी अश्वमुखी उनकी आँखों से न छिप सकी।

'बाण की कादम्बरी में वनों में आखेट खेलते किन्नर और किन्नरी अश्वमुखी हैं।'[२२]

कुमारसंभव, अमरकोष, माघ के शिशुपालवध में किन्नर घोड़े के मुख वाले और मुखौटे (मुँह—खौटे) दर्शाए हैं। यह सब रूपक हैं। किरात कुल मानव था और अश्वों, सिंहों, व्याघ्र, नागों एवं भयानक चेहरों का मास्क लगाकर विचरण करते थे। वह स्वांग करते थे, बहुरूपिया थे, नये—नये वेश बदलने के कारण वेशनव (वैष्णव) कहलाया। वानव (जो नर से श्रेष्ठ माना जाता था) कुल, बन्दर का तथा ऋक्ष (रक्ष) कुल रीछ का। इनका सम्बन्ध श्येन (बाज), सुपर्ण (गरुड़) मोटी चोंच तथा शरीर सिंह जैसा वर्णित है।

अनेक विद्वानों ने बुद्ध को किन्नर लिखा है। डॉ. अरुण ने भी बुद्ध को किन्नर माना है[२३] जबकि बुद्ध के धम्मपद एवं अगुत्तर निकाय में बुद्ध ने उद्धृत किया है — "मैं न देव हूँ, न गंधब्ब (गन्धर्व—कन्दर्प) न यक्ख।"[२४] अनेक गाँवों में पेटु, के नीचे एक खुरदरा पत्थर ही वेदी समझ ली जाती है। ये अपनी श्रेष्ठता दिखाने के लिए, चमत्कृत करने के लिए आदर्श प्रस्तुत करने के लिए एवं खौफ (भय) पैदा करने के लिए अपने मस्तिष्क पर श्रृंग (सिंह—सींग) धारण करते हैं। सिकन्दर की तरह विष्णु का एक नाम श्रृंगी भी है।[२५] स्कन्द के पार्षद नरभक्षक थे।[२६] इस प्रकार किन्नर के समानान्तर में प्रचुर मात्रा में एक शब्द प्राचीन काल से प्रयोग में लिया जा रहा है किरात। विष्णु पुराण में उद्धृतांश के अनुसार पूर्व किराता यस्यान्ते पश्चिमे यवना: स्थिता।[२७] किरात देश का भी वाचक है किरात देश की स्थिति पूर्व बंगाल या आसाम के जंगली और पहाड़ी भागों में सिद्ध होती है। महाभारत में किरात देश को वासुदेव पौण्ड्रक (वरुण) के अधीन बताया गया है। किरात का निदर्शन अथर्ववेद में भी है। जिसमें यह सूचना मिलती है कि इस जाति का निवास हिमालय के पूर्वी क्षेत्र की उपत्यकाओं में था।[२८] अत: मूल में देवताओं द्वारा मुखौटे बनाकर प्रस्तुत होने का अभिनय किया जाता था। वह यवनों की देन थी। रांगेय राघव के शब्दों में — हमारे यहाँ कच्छप, कुक्कुट, खरगोश, उलूक, गर्दभ ऊँट, वभ्रुक, मूस, मोर, मछली, भेड़, बकरी, भैंस, भेड़िये, भालू, शार्दूल, हाथी, सिंह, नक्र, गरुड़, कंक, सिद्ध वानर, बैल, खच्चर, डांस, कबूतर, कोयल, तीतर, गिरगिट, सांप और शूल जैसे गण (देव) आये। ये लोग संभवत: विभिन्न मास्क लगाकर स्वांग करते थे। ये सब उस समय टोटेम थे।[२९]

यहाँ पर हयग्रीव, मत्स्य ग्रीव, कच्छपग्रीव, नृसिंहरूप, वराह (मकर बड़े—बड़े दाढ़ों वाला, समुद्र प्राणी वरुण) दत्तात्रेय, त्रिमूर्तिदेव, चतुरानन, पंचानन, षडानन, सप्तानन (जैन न्याय) अष्टावक्र, नवदुर्गा, दशानन, एकादश रूद्र एवं बीस श्रवा। इस प्रकार 'एक ही आदमी में होता है — दस बीस आदमी।' अर्थात् एक आदमी अभिनय द्वारा अनेकों मास्क लगाकर अपना अभिनय करना प्रसिद्ध रहा है। अत: संस्कृत—हिन्दी कोश के लेखक वामन शिवराम आप्टे ने किन्नर शब्द का निदर्शन इस प्रकार किया है —

"किन्नर शब्द किम् अव्यय कुत्सिमु वा, बुराई, ह्रास, दोष, कलंक और निंदा के नाम को प्रकट करने के लिए यह समस्त शब्द के आदि में केवल कु के स्थान में प्रयुक्त होता है। उदाहरण — किं सखा बुरा मित्र, किन्नर — बुरा या विकृत पुरुष आदि। दास, गुलाम या नौकर, नर: बुरा या विकृत पुरुष पुराणोक्त पुरुष जिसका सिर घोड़े का हो शेष बचा शरीर मनुष्य का हो यह कुबेर का विशेषण भी है।" इतिहासकार

हिरोडोटस ने भी हिमालय पर्वत में स्वर्ण की खुदाई का वर्णन है। इसी स्वर्ण के कारण ही कुबेर (वरुण) के पीले वस्त्र चमकते है।"[३०] साथ ही वे पीतवर्णी भी थे।

जयोदारणं बाह्वोर्गापयामास किन्नरान् (रघुवंश किन्नरी शब्द ईश, ईश्वर, कुबेर का विशेषण (स्त्री—री) १. किन्नरी — मेघ, २. एक प्रकार की वीणा, पुरुष, घृणा के योग्य, नीच पुरुष, किन्नर — कुमार, १। ईश्वर, कुबेर का विशेषण — प्रभु बुरा स्वामी या राजा — हितान्न यः संश्रणुते स किंप्रभुः किं १/५)

राजन् (वि) बुरे राजा वाला , बुरा राजा — सखि (पुं.)

कतृ. एक वचन किं सखा बुरा मित्र स किंसखा न शास्ति योऽधिषम् किम् — सर्वनाम विशेषण वाचक है। किम्...नर वा.... कितने रूपों में प्रयुक्त हुआ है, यहाँ विचारणीय है:

कौन, क्या, कौनसा (प्रश्नवाचक के रूप में) कभी—कभी किम् शब्द कार्य करने की शक्ति अनिश्चय अर्थ प्रकट करने के लिए प्रयुक्त हुआ है। किम्, चित्, किम् अपि कश्मिनचित अपि आदि बकवाद या यक्ष प्रश्न? जाति मात्रेण किं कश्चिद् धन्यते पूज्यते क्वचित।। कुछ जाति मात्र के कारण पूजा जाता है कुछ धन्य यश पाते है। कुछ मारे जाते है।

क्या, किसलिए, अर्थ को प्रकट करने वाला किमपि कमनीयं कोई भीषण कयल काल की तरह। प्रयोजक के लिए क्यों पर बल देने वाला। किम् क्या, या (सन्देह या अनिश्चय को प्रकट करने वाला) क्यों (निस्संदेह) अपने प्रिय एवं सुहृद को क्यों त्यागें। कितना अधिक, कितना कम? यौवन, धन, सम्पत्ति, अधिकार एवं अविवेक इन चारों में से किंकर हमें भ्रष्ट नौकर से मुझे बचायें। किं कर्त्तव्यमूढ़ — अब क्या करना चाहिए? क्या कारण क्या तर्क रखना चाहिए किम (अव्यय)।

जो कहता है कि एक मिनट का है ही क्या? एक आलसी पुरुष जो क्षणों की परवाह नहीं करता है। क्षण गोत्र — किस परिवार से सम्बन्ध रखते हैं, और इसके लिए और फिर, आगे। किंचन (अव्यय) कुछ दर्जे तक, थोड़ा सा। अर्थ में प्रयुक्त। ज्ञ — (वि.) थोड़ा जानने वाला। पल्लवग्राही।

कर — कुछ करने वाला, उपयोगी, काल — कुछ समय प्राण, थोड़ा सा जीवन रखने वाला। छंदस — किस वेद से। मात्र — थोड़ा सा। वर्हि (तो) तु — परन्तु नामधेय, नामन निमित्त, नखलुः (अव्यय) किस प्रकार से? कंजुस, कृपण, पराक्रम, पुनः प्रकारं, भूत, रूप, जनश्रुति अफवाह।[३१]

सार रूप में — किन्नर अपकर्ष एवं उत्कर्ष दोनों अर्थों में प्रयुक्त शब्द है। किन्नर शब्द बहुप्रयोजनीय शब्द है। जो विवाद तकरार, दलील, छक्के, स्त्री, पुरुष, घोड़े, गधे, नाग, छद्मवेश में (मुर्गा बनकर बांग देने वाला वाङ्मय (साहित्य) इन्द्र, धोखा, अभिनय आदि)। सैरन्ध्री, भद्रा—अश्व, भद्रार्जुन, वृहन्नला, शिखण्डी, देवताओं के दो मुख, दत्तात्रेय, चतुरानन, दशानन। अर्धेश्वर, मकरध्वज (वरुण), शिवशक्ति का युगनद्रूप, मिथुनी सृष्टि तथा देवताओं की दस योनिया, अश्वमुख आदि संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, अव्यय, निपात कारण, प्रयोजन, हेतु क्यों क्या, किल एवं जाति या गौत्र द्वारा विचलन करके फिराके, फबती कसना, हल्लाबोल करके यक्ष प्रश्न खड़ा करना किं ... नर, किंवद, किं अपि... किं पुरुष..? कु..... बेर किम... अर्थ?

बुराई, ह्रास, दोष, कलंक एवं निंदा करने के लिए किं अथवा कुत्सित अर्थ में जानवर या पशु योनि रूपक में स्वार्थ सिद्धि है तथा देव योनि में यश धन एवं ईश रूप में भय व्याप्ति के अर्थ में अभिप्रेत है। यह नर पिशाच के अर्थ में भी प्रयुक्त हुआ है — इन्द्र ग्यारह कपालों पर बनी रोटी खाता है।[३२]

यह देव आदि गुह्यति गुह्य विद्याधर (प्रेत) है, बेताल है, कर्णपिशाच है, ये देवयोनियाँ नरपिशाच थे। बोधिसत्व ने उन्हें निरामिषभोजी बनाने के लिए अंगुलिमाल आदि यक्षों को सत्त्वबोधि बनाने का प्रयास किया था। अतः किन्नर शब्द राज, गुह्य, गुह्यक, रहस्य, छायाप्रेत एवं यक्ष (प्रेत) प्रश्न है। इस प्रकार परियों, राक्षसों, भूत, प्रेतों आदि देवताओं का स्वरूप व्यंजना करना है किम् वा या अभिव्यक्ति है। अतः अच्छा एवं बुरा मनोभाव (मनोवेग) है।

वर्तमान संदर्भ —

आदमी किन्नर सम्बन्धी भावुक, वैज्ञानिक कल्पनाओं और गवेषणाओं में लीन नहीं रह सकता है

क्योंकि ये लोक विश्वास अज्ञानता, भय विद्यमानता, आत्मरक्षा की प्रवृत्ति एवं देवी शक्ति में विश्वास आदि। अन्ध परम्पराओं जिसमें भूकम्प, अतिवृष्टि, वात्याचक्र आदि प्रकोप। किन्तु विवेकी पुरुष विधि के क्रूरतम नृत्यन से भी भयभीत नहीं होता है। मिथ्या अनुमान, आमुख पशु, पक्षी, व्यापार, अशुभ या अमंगलकारी है। लोकविश्वास में दिव्य, अन्तरिक्ष एवं भौम का आधार भूमि मानव हृदय है। अतः मनुष्याणां श्रेष्ठतरं न किंचित्। स्वर्ग एवं नरक मानव मन की भावभूमि है कोई भौगोलिक क्षेत्र नहीं। वर्तमान प्रवासी रोंगटिया जाति (नरपिशाच) जाति है, जिनको आश्रय दिया जा रहा है। यह देश के लिए खतरा है।

आयुर्वेद ''आर्य देवज़ाति के देवताओं के अतिशय भोग करने से गुप्तांग गल गये थे। ब्रह्मा को नासूर (स्रानिसृण) हो गया था। वरुण को जलोदर (एड्स), इन्द्र को अति स्त्री सेवन से नेत्र रोग, पूषण के दाँत रोग, इन्द्र को नेत्ररोग, कुबेर को पानात्य हुआ था।''[३३] अतिथि देव जातियों द्वाय अतिशय भोग से उत्पन्न दास या हरिजन या दिव्यांग जन कुत्सित नर या जुगुत्सित नर के अर्थ में इस शब्द का भाव बोध है। देव न थे हम और न ये हैं, सब परिवर्तन के पुतले हैं। भोगरत हैं। इसमें कितना है वह जुतले उसका पार नहीं है। सब देव जाति पुलुत्स्य के साथ सोम पीते थे मनु पर असुर—पुरोहितों का पर्याप्त प्रभाव पड़ चुका था। उसके मुँह पर रक्त लग चुका था। वे हिंसा सुख (वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति) का अनुभव कर चुके थे। यहाँ विदेशी सैलानियों को आश्रय (सहारा) दिया जाता है इसे किन्नौरिया का मधुमय देश कहा जाता है। यह प्रवासियों (भरतियों) की शरण स्थली है। यहाँ के राजे रजवाड़े को ईश्वर का प्रतिनिधि माना गया है। वह परमात्मा की सर्वोच्च आज्ञा है। यहाँ की ललित कलाओं को देखने के लिए विदेशी सैलानी आते हैं। जहाँ पर औरतों के नग्नचित्र, युगनद्ध चित्र, अजन्ता ऐलोरा अज का अन्त तथा तथा ऐलेक्जेण्डर (इन्द्र) का रतिभोग दर्शनीय है। यहीं किन्नौर देश का स्वरूप है तथा इन देवताओं के अतिशय भोग की मिथुनी कृत सृष्टि दिव्यांग, क्लीव एवं कुबड़नर है।

सन्देश यह है कि भारतीय काव्य में वादे, गल्प, मिथ, काव्यरूढ़ि अतिशयोक्ति एवं रूपकमय कल्पनाओं का समावेश किया गया है। आज भारतीय संस्कृति में विविध संस्कृतियाँ अपनी अस्मिता के लिए सत्य से रूबरू हो चुकी हैं। अतः आगामी वर्षों में समन्वय नहीं किया गया तो विविध संस्कृतियों के झगड़ों से, खतरों से, जूझने के लिए सन्नध रहना होगा।

संदर्भः—

१ नालन्दा विशाल शब्द सागर, आदीश बुक डिपो, करोल बाग, नई दिल्ली, संस्करण १९९९, पृ. २३५—२३६

२ प्रभात वृहत् हिन्दी शब्दकोश खण्ड—१, डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली ISO ९००१ :२००८ प्रकाशक, पृ.सं. ५१३

३ व्यक्तिगत इन्टरव्यू दिनांक १८.१२.२०१७, गांधी शांति प्रतिष्ठान, जोधपुर

४ कला सम्बन्धी निबंध, जयशंकर प्रसाद

५ किन्नर देश — ऐतिहासिक स्थानावली, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, भारत सरकार, राजस्थानी हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर, प्रथम सं. १९६९, पृ.सं. १८९

६ ऐतिहासिक स्थानावली — विजेन्द्र कुमार माथुर वही, पृ.सं. १८९

७ सिकन्दर महान् — धीरज बुक III/२९ अग्रवाल कॉलोनी, रामलीला ग्राउण्ड, दिल्ली गेट, मेरठ, संस्करण २०११, पृ.सं. ३९२

८ सिकन्दर महान्, वही, पृ.सं. ४२

९ इन्टरनेट से प्राप्त सामग्री

१० काव्य और कला तथा अन्य निबंध जयशंकर प्रसाद, विक्रम प्रकाशन, ई—५/१३, कृष्णनगर दिल्ली, संस्करण १९९१, पृ.सं. ११३

११ वही, पृ.सं. १२१

१२ काव्य और कला तथा अन्य निबंध — जयशंकर प्रसाद, वही, पृ.सं. १०७

१३ वही, पृ.सं. १०७

१४ वही, पृ.सं. १०७

१५ दशरूपकम् डॉ. भोलाशंकर व्यास — चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन ३७/११७, गोपाल मंदिर लेन, वाराणसी, पृ.सं. ४

१६ सिकन्दर महान् — (विश्व विजेता), आबिद रिजवी, धीरज पॉकेट बुक्स — मेरठ, वही, पृ.सं. ८८

१७ वयं रक्षामः आचार्य चतुरसेन, राजपाल दिल्ली, संस्करण २०१०, पृ.सं. १३७

१८ हिन्दी साहित्य की भूमिका — आ.हजारी प्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, सं. १९९१, पृ.सं. २०७

१९ वही, पृ.सं. २०७

२० यक्षों की भारत को देन — अरुण कुसुमान्जलि प्रकाशन, जोधपुर, संस्करण १९९१, पृ. सं. १५

२१ अमरकोष : अमरसिंह विरचित कन्हैयालाल कृष्णदासेन, मुम्बई संवत् १९८८, पृ.सं.

२२ कादम्बरी, वाणभट्ट, पृ.सं. २३९—२४०

२३ यक्षों की भारत को देन — वही, पृ.सं. ३३

२४ प्राचीन भारतीय परम्परा और इतिहास, रंगेय राघव, आत्माराम एण्ड संस, कश्मीरी गेट, दिल्ली, संस्करण १९९०, पृ.सं. ७१

२५ प्राचीन भारतीय परम्परा और इतिहास, रंगेय राघव, वही, पृ.सं. ८३, १०८

२६ वही, पृ.सं.

२७ विष्णु पुराण, २/३/८

२८ महाभारत — सभापर्व, १४/२०

२९ संस्कृत हिन्दी कोश — वामन शिवराम आप्टे, मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली, संस्करण, पृ.सं. २७५

३० यक्षों की भारत को देन—अरुण कुसुमान्जली बुक वर्ल्ड, ४१—ए, सरदार क्लब स्कीम, जोधपुर, संस्करण, १९९१, पृ.सं. २१

३१ संस्कृत हिन्दी कोश, वामन शिवराम आप्टे, वही, पृ.सं. २७६

३२ धर्मशास्त्र का इतिहास—१, डॉ. पी.वी. काणे, उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान, चतुर्थ सं. १९९२, पृ. सं. ५५१

३३ आयुर्वेद का इतिहास — अत्रिदेव विद्यालंकार, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयोग शक संवत् १९९०, पृ.सं. २१

36

सामाजिक समानता से सशक्त राष्ट्र के प्रणेता — डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर

शिवु कुमार
शोधार्थी,
केन्द्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश

****

सारांश—

भारतरत्न डा. भीमराव रामजी आम्बेडकर, जिन्हें स्नेह से बाबा साहेब कहा जाता है, निश्चित ही भारत के सर्वाधिक यशस्वी सपूतों में से एक थे। अर्थशास्त्र, न्यायशास्त्र, सामाजिक, राजनीतिक शास्त्र तथा धार्मिक और सांस्कृतिक विषयों का गहन ज्ञान रखने वाले उच्च कोटि के राष्ट्र भक्त थे। हम व्यक्ति और उससे संबधित घटनाओं को कल्पना के अधार पर और अपने हितों के अनुरुप चयनित कर लेते हैं । ऐसा करना महान् व्यक्तित्व की छवि को धूमिल कर देता है। दुर्भाग्य से डा. आम्बेडकर इसके सबसे अधिक शिकार रहे हैं। आम्बेडकर कालीन भारतीय समाज की स्थिति कैसी थी, इसको जाने बगैर हम उनके किसी भी प्रकार के कार्य के प्रति न्याय नहीं कर सकते हैं। किसी के व्यक्तित्व और चिन्तन को समझने के लिए जरूरी है कि वह जिस रास्ते पर पर चल कर गया है, उसी के पदचिन्हों का पीछा किया जाए। उसी रास्ते में जाकर उसके लिखे कि व्याख्या की जा सकती है। भारत के राष्ट्र निर्माण में डा. आम्बेडकर के योगदान के आधार पर उनको भारत का आधुनिक भारत का राष्ट्र निर्माता कहा जा सकता है।

मुख्य शब्द— भेदभाव, संघर्ष, समानता, स्वतंत्रता, जाति—विहीन,

भूमिका—

ISSN : 2249-930X
पीयर रिव्यूड व यू.जी.सी. केयर सूची में सम्मिलित जर्नल

हिंदी अनुशीलन

प्रधान संपादक
प्रो. नन्द किशोर पाण्डेय

संपादक
प्रो. नरेन्द्र मिश्र

वर्ष - 62

मार्च 2020

अंक 1

हिंदी अनुशीलन

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर

हिंदी अनुशीलन

(पीयर रिव्यूड व यूजीसी केयर लिस्टेड जर्नल)

वर्ष 62 | मार्च 2020 | अंक 1 | ISSN : 2249-930X

परामर्शदाता
प्रो. कमल किशोर गोयनका
प्रो. सुरेन्द्र दुबे
प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित

प्रधान संपादक
प्रो. नंदकिशोर पाण्डेय

संपादक
प्रो. नरेन्द्र मिश्र

संपादन सहयोग
डॉ. निर्मला अग्रवाल
प्रो. मीरा दीक्षित

भारतीय हिंदी परिषद्, प्रयाग

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
विश्वविद्यालय
जयपुर

अनुक्रम

1.	विमर्श *प्रोफेसर नंद किशोर पाण्डेय*	5
2.	संवाद *प्रोफेसर नरेन्द्र मिश्र*	9
3.	सन्त रविदास की वाणी की प्रासंगिकता *डॉ. रत्ना कुशवाह*	16
4.	हिंदी साहित्येतिहास में रांगेय राघव की अमिट पहचान *डॉ. राजीव कुमार वर्मा*	21
5.	पं. विद्यानिवास मिश्र के निबन्धों में सांस्कृतिक संदर्भ *डॉ. दमयन्ती तिवारी*	28
6.	समकालीन कहानियों में चित्रित दलित स्त्रियों का शोषण : एक अनुशीलन *डॉ. दोड्डा शेषु बाबु*	34
7.	जांभोजी का दर्शन : अध्यात्म, भक्ति और पर्यावरणीय चिन्तन का सामंजस्य *डॉ. प्रेमसिंह*	39
8.	निराला के काव्य में विद्रोह चेतना *डॉ. शोभा रानी*	49
9.	हिन्दी कविता में राष्ट्रीय चेतना के स्वर : कल और आज *डॉ. राकेश शुक्ल*	54
10.	स्वातन्त्र्योत्तर भारतीय गाँवों के राजनीतिक यथार्थ पर व्यंग्य : राग दरबारी *श्याम नन्दन*	61
11.	आचार्य केशवदास की काव्य-प्रतिभा *डॉ. ऋषि कुमार मिश्र*	66
12.	भारतीय काव्यशास्त्रीय परम्परा में काव्य-दोष *डॉ. राजेश कुमार गर्ग*	72
13.	नरेश मेहता का उपन्यास 'उत्तरकथा' : मानवीय जय-पराजय की निर्मम गाथा *डॉ. राकेश सिंह*	84
14.	रामदरश मिश्र की काव्य-संवेदना *डॉ. मनीषा मिश्र*	89

पीयर रिव्यूड/यू.जी.सी. केयर लिस्टेड **हिंदी अनुशीलन ISSN : 2249-930X / 3**

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
विभाग
पुस्तकालय

BT's International Journal of

humanities & social science



Volume 4 Issue 2 December, 2015

ISSN : 2278 – 1595

Scanned with CamScanner

INDEX

1. Physiology, Sociology and Psychology of Sex and Violence - Dr. Kriti Contractor 1

2. Comparative Study of The Themes In The Novels of Githa Hariharan and Attia Hosain - Dr. Sonia Jain 4

3. Employment Generation Through Mgnrega Among Women Beneficiaries in Jodhpur District, Rajasthan - Dr Lalita Vatta, Gitika kachhwaha 9

4. Indian Feminism - Dr. Sonia Jain 16

5. Tissue and Organ Transplantation: Current Scenerio and Challanges - Priyanka 22

6. Thirties Movement and Mulk Raj Anand - Manmohan Mathur 29

7. What Kind of Freedom Do Women Seek ? - Pooja Rakhecha 34

8. Legal and Ethical Dillemas of Stem Cell Therapy - Priyanka 39

9. शब्दों की यात्रा एवं विकास - डॉ. महीपाल सिंह राठौड़ 47

10. नीतिशास्त्र एवं राजनीति शास्त्र के सहसम्बन्ध विवेचना - डॉ. पूर्णिमा वर्मा 54

11. विदेशों में हिन्दी अध्यापन का कार्य, समस्याएँ एवं समाधान - डॉ. प्रेम सिंह 59

12. लोकगीतों में सौन्दर्य बोध और कलात्मकता - डॉ. मीता शर्मा 62

13. दलित–साहित्य के सन्दर्भ में विविध धारणाएँ - डॉ. राजेन्द्रकृष्ण पारीक 70

Scanned with CamScanner

हिन्दी–अनुशीलन

(पीयर रिव्यूड व यूजीसी केयर से अनुमोदित जर्नल)

वर्ष 61 जनवरी–जून 2019 अंक 1–2 ISSN : 2249-930X

परामर्शदाता

प्रो. कमल किशोर गोयनका
प्रो. सुरेन्द्र दुबे
प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित

प्रधान संपादक

प्रो. नंदकिशोर पाण्डेय

संपादक

डॉ. नरेन्द्र मिश्र

संपादन सहयोग

डॉ0 निर्मला अग्रवाल
प्रो0 मीरा दीक्षित

भारतीय हिन्दी परिषद् प्रयाग

हिन्दी अनुशीलन

(पीयर रिव्यूड व यूजीसी केयर से अनुमोदित जर्नल)

ISSN : 2249-930X

प्रकाशक : डॉ0 निर्मला अग्रवाल, प्रबंधमंत्री, भारतीय हिन्दी परिषद्
हिन्दी–विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद
Website- www.bhartiyahindiparishad.com
Email- hindianusheelan@gmail.com

मूल्य : रु0 50.00

अक्षर संयोजन : जितेन्द्र कुमार मिश्र, मो0– 09452365928
मुद्रक : नागरी प्रेस, अलोपीबाग, इलाहाबाद

रीडर एवं अध्यक्ष
विभाग
विश्वविद्यालय
जोधपुर

अनुक्रमणिका

1.	**विमर्श** *प्रो0 नंदकिशोर पाण्डेय*	5
2.	**संवाद** *प्रो0 नरेन्द्र मिश्र*	16
3.	भारतीय काव्यशास्त्र और कालजयी कृति की अवधारणा *प्रो0 जयप्रकाश*	23
4.	हिन्दी की प्रथम कालजयी कृति चंद्रकान्ता *डॉ0 मीता सोलंकी*	32
5.	कालजयी रचना : सूरसागर *डॉ0 श्यामसुंदर पाण्डेय*	42
6.	रामचरितमानस में सामाजिक सद्भाव *डॉ0 रवीन्द्र कुमार उपाध्याय*	48
7.	नाभादास कृत भक्तमाल एक कालजयी कृति *डॉ0 प्रेम सिंह*	58
8.	बिहारी सतसई का मूल्यांकन *डॉ0 महात्मा पाण्डेय*	67
9.	प्रिय प्रवास का महाकाव्यत्व *डॉ0 राजेन्द्र कुमार सिंघवी*	75
10.	भारत भारती एक कालजयी कृति *डॉ0 सुनील कुलकर्णी*	79
11.	राम की कथा और उर्मिला की व्यथा का गान : साकेत *डॉ0 नवीन नंदवाना*	86

(यू0जी0सी0 केयर लिस्ट में शामिल) ISSN : 2249-930X

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
विश्वविद्यालय
जोधपुर

2017-7

2017-2018



❑ सम्पादक : देवांशु ❑ वर्ष-13 ❑ अंक-51(जुलाई-सितम्बर 2017) ❑ सहयोग राशि-20 रू.

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
विभाग
विश्वविद्यालय



प्यारेलाल गुप्त
प्रेरणास्त्रोत
1891 - 1976

वर्ष-13, अंक-51
(जुलाई-अगस्त 2017)
सहयोग राशि-20 रू.

सम्पादक :
देवांशु

सम्पादक मण्डल :
विजय कुमार गुप्त
अनिल शेवालकर
डॉ. निशा भोसले

प्रबंध सम्पादक :
के. आर. भोसले
अभिषेक पाल

टाईप एवं ग्राफिक्स :
दुष्यंत देवांगन

सम्पादकीय सम्पर्क :
गायत्री विहार, विनोबा नगर,
बिलासपुर (छ.ग.)
पिन 495004
e-mail :
dewanshupal@gmail.com

त्रैमासिक
पाठ
सृजन और संघर्ष की कथा

पाठक्रम -

कविता आईने में - इस समय में... देव आनन्द / 2

सम्पादकीय -
देवांशु / 3

स्मृति शेष -
फिदल कास्त्रो...विनीत तिवारी / 4

शताब्दी वर्ष (मुक्तिबोध)
मुक्तिबोध : पत्रकारिता के प्रगतिशील... जीवेश प्रभाकर / 9

संवाद -
नंद भारद्वाज से रेवती रमण शर्मा का बातचीत / 12

आलेख -
इक्कीसवीं सदी के हिन्दी... डॉ. ललित श्रीमाली / 20
अर्थसत्ता विमर्श और आदिवासी... श्रवणकुमार मीना / 24

कविता / गजल
ब्रजेश कानूनगो / डॉ. यासमीन खान / प्रीति बंसोड़ / 28

मूल्यांकन -
''विपात्र'' में मुक्तिबोध... डॉ. राम विनय शर्मा / 37
''तम-सम'' एक समस्या प्रधान... डॉ. कंचन गोयल / 45
राजनीति की बिसात... डॉ. देवेन्द्र कुमार / 49
तीसरे इंसान की त्रासद कथा... विज्ञान भूषण / 55

किताब -
नम अनुभूतियों एवं मनुष्यता... डॉ. मलय पानेरी / 59
मुक्तिबोध के आंतरिक... रमेशचंद्र सोनी / 61

छत्तीसगढ़ी उपन्यास -
तुँहर जाए ले गियाँ... कामेश्वर पाण्डेय / 63

आवरण - श्रीराम जोग

सम्पादन, संचालन अवैतनिक, अव्यावसायिक। 'पाठ' में प्रकाशित रचनाओं में व्यक्त विचारों से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं। वाद स्थान सिर्फ, बिलासपुर (छ.ग.) मुद्रकः श्री सांई काईस पैलेस, बिलासपुर (छ.ग.)

अर्थसत्ता विमर्श और आदिवासी जीवन संदर्भ

विशेष संदर्भ आदिवासी कहानी

श्रवणकुमार मीना

यह सर्वविदित है कि किसी भी समाज की आधारशिला सामूहिकता, संगठन और आजीविका के संसाधनों पर निर्भर होता है। सामाजिक मर्यादाओं, बंधनों, मान्यताओं, सांस्कृतिक उपादानों के साथ अर्थ आधारित उत्पादन प्रणाली समाज का प्राण होती है। किसी भी समाज की अर्थव्यवस्था का संबंध उत्पादन, वितरण, मूल्यनिर्धारण और उत्पादन की उपलब्धता से होता है । प्रत्येक समाज की आजीविका आधारित कार्यों का निर्धारण उसकी सोच, शिक्षा, श्रमशीलता, कच्चे-माल की उपलब्धता तथा परंपरागत कार्यों के जुड़ाव से होता है यथा-व्यापार, उद्योग, कृषि, मजदूरी, कामगार आदि। भारतीय समाजों की वर्ग निर्धारण प्रक्रिया में कृषि कार्यों, पशुपालन और वनोपजों आधारित जीवन यापन करने वाले सामुदायों में 'आदिवासी' प्रमुख है। आदिम सभ्यता के विकास से दीर्घकाल तक इस समाज की आर्थिक व्यवस्थाएँ कृषि, पशुपालन तथा वनोपज आधारित ही रही है लेकिन यांत्रिकता की दौड़ और भौतिकता की होड़ ने आदिवासी समाज की परम्परागत अर्थव्यवस्था के ढाँचे को चकनाचूर कर दिया। 'ग्लोबलाइजेशन' और विदेशी पूँजी निवेश की नीति ने उसे भूमिहीन किया तो 'वन अधिनियम वनोपज निषेध कानून', 'खनन उद्योगनीति' आदि ने वनों से बेदखल कर 'अनार्य' प्रदेश के मूल निवासी को मजदूर बनने में विवश किया। एक ओर जहाँ लोकतांत्रिक समाजवादी व्यवस्था के तहत सभी को काम के समान अवसर तथा उसके बदले उचित व समान पारिश्रमिक दिए जाने का प्रावधान है वहीं पूँजीवादी व्यवस्था में श्रम के शोषण और अमीरी-गरीबी के भेद को बढ़ाने की नीति व नियति है।

आदिकाल से ही प्रकृति की गोद में स्वच्छंद विचरण करने वाला, मौज-मस्ती में झूमने वाला आदिवासी-उद्योगों में मजदूर होने, विस्थापित होने को विवश हुआ । उसके आजीविका आधारित संसाधनों को नष्ट कर दिया गया, अधिग्रहित कर लिया गया जिससे उसकी अर्थव्यवस्था चौपट हो गई। इसी बदलाव को अनुभूत करते हुए आदिवासी कथाकारों, आदिवासी जीवन के आर्थिक संदर्भों को अभिव्यक्ति दी है। भारत का आदिवासी जो जंगलो में रहते हुए कृषि कार्य करता रहा, वनों से तेंदुपत्ता, छाल, गौंद, लकड़ी आदि लेता रहा लेकिन उस पर उसका भौतिक अधिकार मात्र था, कानूनी अधिकार कभी नहीं रहा, राजस्व रिकॉर्ड में वह उन सबका मालिक नहीं था, उसने कभी आवश्यकता भी नहीं समझी और फिर वह उतना शिक्षित, चेतनाशील और छल-प्रपंच वाला भी नहीं था। यही वजह है कि उसे समतल से जंगलो, जंगलों से पहाड़े, पहाड़ो से गिरि-कन्दराओं की ओर धकेला जा रहा और अब वहाँ से भी उसे खदेड़ा जा रहा है। वनोपजों आधारित जीवन यापन करने वाले आदिवासियों में जारवा, गोंड, संथाली, मुंडा, बेंगा, गरासिया, सहरिया, भील, काथोड़िया आदि अनेक आदिवासी जातियाँ है जो मजदूर बनने पर विवश हो सरकारी कारिंदों, वन अधिकारियों के शोषण का शिकार होती रहती है।

भारतीय अर्थशास्त्री मानते है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मूलतः कृषि आधारित है जहाँ आज भी प्रत्यक्ष-परोक्ष 72 परसेन्ट लोग कृषि आधारित जीविकोपार्जन करते हैं। जिससे आदिवासी, दलित और पिछड़े समुदायों का सीधा संबंध है। ''मनुष्य जिस प्रकार के भौगोलिक पर्यावरण में रहता है, उसके

अनुकूल अपनी अर्थोपार्जन व्यवस्था करता है। इस दृष्टि से भारत के आदिवासियों की अर्थव्यवस्था को मिश्रित अर्थव्यवस्था कहा जा सकता है ।''[1] क्योंकि कृषि मजदूर खान खदानें कारखानों घरों आदि में श्रम बेचकर या वनोपज के सहारे आजीविका चलाना या फिर मौसम आधारित कार्यों की उपलब्धता के तहत कार्य बदलना उसकी विवशता है। 'अभावों में पैदा होना, संघर्ष करना और अभावों में ही मर जाना' उसकी नियति है। अशिक्षा, भुखमारी, कुपोषण, बेकारी, नशाखोरी पलायन उसके जीवन पर्याय है। 'रोटी को देखे या घर को देखे, सबका पेट भरने की धुन में घर बनाने की तरफ कभी ध्यान ही नहीं गया ।''[2] जीवन भर हाड़-तोड़ मेहनत करके खून-पसीना एक कर भी खाने भर को अन्न, रहने को घर और पहनने को वस्त्र उसका सपना होता है जो पा लेता है उसका जीवन सार्थक अन्यथा नारकीय। घर-घर नहीं टीन-टप्पर, छान-छप्पर या ईंट-गारे के बने होते है तो वर्षा में टूटने-टपकने लगते है, गिरने लगते हैं। फिर घर बनाना यहीं उसका जीवन है। वाह! ये भी कोई जिन्दगी है? इन सब समस्याओं के मूल में देखा जाए तो उनमें व्याप्त अशिक्षा, उनकी ईमानदारी, कर्त्तव्यनिष्ठा संगठन में कमी, रोजगार का अभाव भूमिहीनता, अधिग्रहण-पलायन, विस्थापन आदि ऐसे कई कारक हैं जो उसकी आर्थिक दशा को उभरने ही नहीं देते। इसका बेजा फायदा उठाते है शोषक, बेईमान, प्रपंची और छल करने वाले जमीनदार, पूँजीपति आदि। फ्रेडरिक व एंजेल्स ने माना कि- ''आदिम समाजवाद को छोडकर मानव जाति का सारा अतीत वर्ग संघर्षो का इतिहास है।''[3] संघर्ष वहाँ होता है जहाँ अभाव है, शोषण है, छल-प्रपंच है, बेईमानी है। वाल्टर भैंगड़ा की कहानी 'संकल्पदीप' और 'मादल बजती रही'[4] ऐसे प्रपंची पात्रों की पोल खोलती है ऐसे प्रपंचियों के संबंध में दिलीप कुमार तितरवे कहते है- 'जंगल का हिंसक जानवर भले ही छोड़ दे लेकिन आदम खाल ओढ़े जानवर के शरीर में हृदय होता ही नहीं वह असली कीच होता है, गिद्ध मुर्दे को नोचता है और वह जीवित शरीर को ।''[5] वर्तमान में हिंसक पशुरूपी यही दानव है मानव (आदिवासी) का शिकार करते हैं। विकास के वर्तमान सरकारी मॉडल के फलस्वरूप राष्ट्रीय आय तथा आर्थिक शक्ति पूँजीपति, उद्योगपति के हाथों में केंद्रित हो चुकी है।

विकास व नाम विस्थापन की योजनाओं, औद्योगिक क्रांति तथा खनन नीति के नाम पर करोड़ो आदिवासी विस्थापित कर दिए गये या हो गये। आज वह अपनी अस्मिता के लिए, जल, जंगल और जमीन के लिए संघर्षरत है। आदिवासी कथा साहित्य विशेषतः कहानियाँ इसी विनाश की दासता सुनाता है। ''राजकुमारों के देश में''[6] ''सायरन''[7] ''जंगल की आग''[8] आदि कहानियों अर्थसत्ता विमर्श की दासता बयां करती है। आदिवासी झुनियाँ के शब्दों में 'सरकार कितना भी मुआवजा दे किन्तु गाँव छोड़ने का मुआवजा आंका ही नहीं जा सकता है।' गाँव के साथ देवता-पितर, खेत-खलिहान, घर-आँगन सब कुछ छूट जाता है। उसका मूल्य क्या सरकार कभी दे सकती है? 'उन्हें उनकी जड़ो से बेदखल करने के लिए कई तरह के हथकण्डे अपनाए। साहूकारों से लेकर अंग्रेजो तक लम्बा संघर्ष भी चला एवं उनके बची लड़ाई आज भी जारी है।'[9]

बीसवी सदी के उत्तरार्द्ध से ही विश्व व्यापार संगठन, विश्व मुद्रा कोष, विश्व बैंक आदि आर्थिक संगठनों के साथ विकासशील देशों विशेषतः भारत के साथ कई आर्थिक समझौते हुए विदेशी पूँजी निवेश, आयात-निर्यात नीति और मुक्त बाजार प्रणाली ने भारत की अर्थव्यवस्था में हलचल मचा दी। यही आर्थिक समझौते भारत के मूलनिवासियों (आदिवासियों) के विनाश का प्रथम कारक सिद्ध हुए। वैश्वीकरण और उदारीकरण के पोषक अर्थसत्तावादियों की भूमि अधिग्रहण कर, खनन क्षेत्रों पर कब्जा कर उनके जंगलों, पहाड़ों और जल-स्त्रोतों पर अधिकार जमा लिया । भूमाफिया या कॉलोनाजर, रियल स्टेट के मालिक, दिकू, उद्योगपति आदि साम्राज्यवादी ताकतों ने भारत के आदिवासियों व उसके सपनों को


MAH/MUL/03051/2012
ISSN-2319 9318
विद्यावार्ता®
Peer Reviewed International Refereed Research Journal
Issue-33, Vol-01 January to March 2020
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर
Editor
Dr.Bapu G.Gho

MAH MUL03051/2012
ISSN: 2319 9318

Vidyawarta®
Peer Reviewed International Journal

Jan. To March 2020
Issue-33, Vol-01

010

Index

01) A study of Digital administration for new India
Dr. Gawande Sunil Laxman & Dr. Panchsheel Ekambekar, Nanded ||14

02) Adivasi's wars against colonies
Prof. Dr. K. L. Giramkar, Kopargaon ||17

03) Success Stories of Women Entrepreneurship-Case Studies
Prof. S. B. Kamashetty & Prema S. Bandi, Vijayapur ||19

04) The role of yoga for Rehabilitation
Prof. Nikhil N. Ratnapure, Nagpur ||22

05) Impact of Self-help Group in Socio-economic development
Dr. Ramnath Baburao Sangule, Tirthpuri ||25

06) MAJOR PROBLEM OF FOOTWEAR INDUSTRY OF AGRA
Sushil Kumar Sengar & Dr Gaurav Kumar Gupta, Shikohabad ||28

07) DETAILS OF THE RESULTS OF THE REVOLT OF THE ZAMINDAR AND CHAIT SINGH ...
Dr. GOPAL KUMAR (ROSERA), Chapra (Bihar) ||38

08) Cultural Conflicts: A Theoretical Perspective
Dr. Ganpatrao Baburao Patil, Kolhapur ||43

09) पर्यावरण आपत्ती व्यवस्थापन :- पुर (Environment Disaster Management ...
प्रा.डॉ. धवन बापुराव बोबडे, बीड ||50

10) गडचिरोली जिल्ह्यातील इंदिरा आवास योजनेतील लाभार्थ्यांच्या आर्थिक व सामाजिक स्थितीचा ...
कु. सुरेखा केशवराव हजारे, ता-जि. गडचिरोली ||52

11) डिजिटल व्यवहार प्रणालीचे सामाजिक परिणाम
प्रा. डॉ. नवनाथ पंस. शिंदे, जालना ||56

12) शाळा-महाविद्यालयात आपत्ती व्यवस्थापनाची गरज - एक अभ्यास
प्रा. डॉ. दयानंद उजळंबे, जि. परभणी ||59

www.vidyawarta.com/03 | http://www.printingarea.blogspot.com

13) गोंदिया जिल्हा/अत्यल्प व अल्प भुधारकांचे अभिक्षेत्रीय स्वरुप आणि वैशिष्ट्ये
डॉ. माया आंभोरे, गोंदिया ||62

14) महात्मा बसवेश्वर यांचे कार्य
प्रा. डॉ. चव्हाण श्रीहरी दासू, जि. परभणी ||66

15) धुळे तालुक्यातील इ. ९ वी च्या विद्यार्थ्यांच्या अभ्यास सवयींचा तुलनात्मक अभ्यास करणे.
प्रा.डॉ. शोभा महारु चौधरी, जि.धुळे ||69

16) नैतिकमूल्य आणि शिक्षण हक्क यांचा परस्पर संबंध : एक अभ्यास
प्रा.डॉ. संजय कांबळे, जि. औरंगाबाद ||72

17) सन २००० ते २०१० या काळातील ग्रामीण कादंबऱ्यातून व्यक्त होणारा शेती आणि शेतकरी
डॉ. रविंद्र बाबासाहेब ढास, बीड ||75

18) 'श्राद्ध' : दलित राजकारणाच्या वास्तवाला भिडणारी कादंबरी
मा. मा. जाधव, जि. हिंगोली ||79

19) एकोणिसाव्या शतकातील स्त्री शिक्षणाची स्थिती
शोभा वसंत पाटील & डॉ. मनिषा एस नेसरकर, बेळगावी ||83

20) मराठी समकालीन कथा एक : आकलन
प्रा.डॉ. रुद्राक्षे चंद्रकांत दशरथ, जि. अहमदनगर ||85

21) सातपुडयात सोन्याच्या खाणी - एक शोध
अजीज रशिद तडवी ||89

22) २००० नंतरची ग्रामीण कादंबरी : नव्या वाटा आणि वळणे
प्रा.डॉ. राजेंद्र वडमारे, जि. अहमदनगर ||91

23) नाटक और रंगमंच का संबंध
वासुदेव. बी. ए., हैदराबाद ||105

24) समसामयिक परिवेश का आईना दृ'हा!वसंत!
डॉ. प्रकाश कुमार अग्रवाल, खड़गपुर (प.ब.) ||109

25) औद्योगिक क्षेत्र में मलिन बस्तियों के निर्माण के कारणों का एक : अध्ययन (म.प्र.
देवकी अहिरवार & डॉ. देवेन्दर कौर, इंदौर (म.प्र.) ||117

www.vidyawarta.com/03 | http://www.printingarea.blogspot.com

प्राध्यापक एवं अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
महात्मा गांधी महाविद्यालय
जोधपुर

26) शिक्षा में जनसंचार
डॉ० वरुण कुमार, पटना ||121

27) महिला सशक्तता में शिक्षा की भूमिका
डॉ. शशि कान्ता चौधरी, जयपुर ||124

28) नगर के यांत्रिक जीवन का चित्रण करती है, अज्ञेय की हरी घास पर क्षण भर कविता
डॉ. सुनील गुलाबसिंग जाधव, नांदेड ||127

29) भारत में अध्यापक शिक्षा की समस्या एवं समाधान तथा शिक्षा का बदलता स्वरूप
ऊषा जैन ||131

30) समाज एवं साइबर अपराध
डॉ० ललित चंद्र जोशी, अल्मोड़ा (उत्तराखंड) ||135

31) आचार्य श्रीराम शर्मा के सहित्य में समाज सुधार व नैतिक मूल्यों का दर्शन
डॉ. पिंकी मिश्रा, इंदौर ||140

32) दक्षिण पूर्वी एशिया में उभरता आशियान संगठन तथा भारतीय सम्बन्ध
डा० वेद किशोर रतूड़ी, गढ़वाल, उत्तरखण्ड ||144

33) अनुसूचित जनजाति के गरीबी उन्मूलन में ग्रामीण विकास कार्यक्रमों की भूमिका
संतोषी मुवेल, महू, म.प्र. ||148

34) विश्व में प्रौढ़ शिक्षा का वैश्विक परिदृश्य
सरिता कुमारी, हजारीबाग ||152

35) बाल शिक्षा और परिवार
डा० शान्ति हस्सा केरकेट्टा, हजारीबाग, झारखण्ड ||159

36) परसाई और शुक्ल के निबंधों में नयी व पुरानी पीढ़ी का संघर्ष
अलका शर्मा, जयपुर ||164

37) मादक पदार्थ का व्यसन एवं रोकथाम (युवा पीढ़ी के संदर्भ में)
डॉ. अहिल्या तिवारी, रायपुर ||167

38) किराए की कोख : एक समाजशास्त्रीय दृष्टि
डॉ० जयप्रकाश यादव, वाराणसी ||170

www.vidyawarta.com/03 | http://www.printingarea.blogspot.com

39) मनरेगा योजना में पचायती राज की भूमिका ||174
यादव मयंक

40) वैश्वीकरण बनाम आदिवासी अस्तित्व का संघर्ष ||178
डॉ. कुलदीप सिंह मीणा, जोधपुर (राजस्थान)

41) राजनैतिक परिप्रेक्ष में युगीन कहानियों की समसामयिकता (साठोत्तर दशक) ||183
डॉ. विजयलक्ष्मी पोद्दार, इन्दौर

42) आज की पत्रकारिता/मीडिया पर दबाव ||187
डॉ. सुमा शाही, इंदौर

43) अग्निपुराण में प्रतिपादित व्याकरणशास्त्र : एक विवेचन ||191
डॉ0 मारूति नन्दन भारद्वाज, पटना

Harshwardhan Publication Pvt.Ltd.
At.Post.Limbaganesh, Tq.Dist.Beed-431 126
(Maharashtra) Mob.09850203295
E-mail: vidyawarta@gmail.com
www.vidyawarta.com

www.vidyawarta.com/us | http://www.printingarea.blogspot.com

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर

जैसलमेर जिले में ग्रामीण स्वशासन में महिला जन प्रतिनिधियों की डिजिटल साक्षरता : एक विश्लेषण

रेणुका चौधरी
शोधार्थी, लोक प्रशासन विभाग, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर
प्रो. (डॉ.) मीना बरड़िया
आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

शोध सारांश –

ग्रामीण स्थानीय स्वशासन में महिला जनप्रतिनिधियों की बढ़ती भागीदारी से देश के सर्वांगीण विकास के साथ–साथ महिलाओं के आत्मविश्वास में भी वृद्धि हो रही है। वर्तमान समय में डिजिटल साक्षरता की ओर महिला प्रतिनिधियों का रूझान बढ़ रहा है। अभी देश में दो तरह के लोग रहते हैं, डिजिटल साक्षर और डिजिटल निरक्षर। जो महिला प्रतिनिधि स्वयं डिजिटल साक्षर है। वह स्वयं सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रही है और गांव की अन्य महिलाओं को उस ओर प्रेरित कर रही है। दूसरी ओर जो महिलाएं डिजिटल निरक्षर है, वे योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रही है।

संकेताक्षर – **जैसलमेर, माण्डधरा, महिला प्रतिनधि, डिजिटल साक्षरता स्थानीय स्वशासन,** आत्मनिर्भरता

जैसलमेर जिला अवस्थिति मानचित्र

भारत



राजस्थान



जिला जैसलमेर



स्रोत : www.mapsofindia.com

प्रस्तुत शोध पत्र में राजस्थान के जैसलमेर जिले की वर्तमान स्थिति व जैसलमेर जिले में ग्रामीण स्थानीय स्वशासन में महिला जनप्रतिनिधियों की डिजिटल साक्षरता पर है।

15 अगस्त 1947 को भारत की आजादी के बाद देश में स्थानीय स्वायत्त शासन के नवयुग का सूत्रपात हुआ। गांधी जी की प्रेरणा तथा जवाहरलाल नेहरु के

प्रयासों से संविधान के अनुच्छेद 40 के तहत पंचायती व्यवस्था को राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के अन्तर्गत रखा गया है।

सर्वप्रथम मेहता समिति की योजनानुसार राजस्थान में जवाहरलाल नेहरु ने 2 अक्टूबर, 1959 को राजस्थान के नागौर कस्बे में मंगलदीप प्रज्ज्वलित कर पंचायती राज का उद्घाटन किया। देश की पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देने, पंचायती राज व्यवस्थाओं को अधिक सुदृढ़ करने देश के सभी राज्यों में पंचायती राज की अनिवार्यता एवं एकरूपता लाने के दृष्टिकोण से भारत सरकार द्वारा 73वां संविधान संशोधन, 1993 (तीन राज्यों मिज़ोरम, मेघालय व नागालैण्ड को छोड़कर सम्पूर्ण देश) में लागू किया गया।

पंचायती राज के प्रत्येक स्तर पर सभी पदों पर महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया गया, एक तिहाई महिला पंच, सरपंच, प्रधान, प्रमुख बन सकेंगी। वर्तमान में देश के 20 राज्यों में स्थानीय स्वशासन में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई है।

जैसलमेर भारत देश के राजस्थान प्रान्त का एक छोटा शहर है। राजस्थान क रेतीले टीलों के बीच बसा एक छोटा सा शहर जैसलमेर, जिसका प्राचीन नाम 'माण्डधरा' अथवा 'वल्लभमण्डल' था, जो वर्तमान समय में 'स्वर्णनगरी' के नाम से प्रसिद्ध है। पीले पत्थरों से निर्मित होने के कारण, पूरा शहर सोने–सा चमकता दिखाई देता है। सन् 1156 में भाटी राजा जैसल ने जैसलमेर जिले की स्थापना की और 12 वर्ष तक यहाँ शासन किया। राजा जैसल के नाम पर इस शहर का नाम जैसलमेर हो गया। जैसलमेर जिले का प्रसिद्ध सोनार किला, पीले पत्थरों से निर्मित होने के कारण सूरज की रोशनी में सोने की तरह चमकता है, पटवों की हवेली, गढ़ीसर तालाब, बड़ा बाग, वुड फॉसिल पार्क, सम के रेतीले टीले, कुलधरा अन्य दर्शनीय स्थल है। यहाँ की प्रसिद्ध मिठाई 'घोटुवां' है।

जैसलमेर जिले की जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 6,69,919 (6.70 लाख) है। क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान का सबसे बड़ा जिला है जैसलमेर। इस जिले के पश्चिम से उत्तर तक पाकिस्तान से लगती हुई 471 कि.मी.

लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है, जिसकी वजह से सुरक्षा की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण जिला है।

जैसलमेर जिला

विवरण	जनगणना 2011	जनगणना 2001
जनसंख्या	6,69,919	5,08,247
पुरुष	3,61,708	2,79,101
महिला	3,08,211	2,29,146
जनसंख्या वृद्धि	31.81%	24.39%
क्षेत्रफल वर्ग किलोमीटर	38,401	38,401
घनत्व प्रति वर्ग किमी	17	13
राजस्थान की जनसंख्या के अनुपात में	0.98%	0.90%
लिंगानुपात (प्रति 1000 पुरुष)	852	851
औसत साक्षरता	57.22%	50.97%
पुरुष साक्षरता	72.04%	66.26%
महिला साक्षरता	39.71%	32.05%

जैसलमेर जिले में 2011 के आंकड़ों के अनुसार 38,401 वर्ग किलोमीटर में 17 लोग प्रति वर्ग किलोमीटर में रहते हैं। 2001 में कुल जनसंख्या 5,08,247 थी जो वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 6,69,919 हो गई। जिले में लिंगानुपात 852 प्रति 1000 पुरुष पर है। जैसलमेर राजस्थान का सबसे कम लिंगानुपात वाला जिला है, क्योंकि जैसलमेर जिले में प्राचीन समय में कन्यावध, बालविवाह जैसी अन्य कई कुप्रथाएँ व्याप्त थी। कन्यावध जैसी कुप्रथा के प्रचलन के कई कारण थे, सर्वप्रथम कन्या के विवाह की समस्या आती थी, कठोर जाति व्यवस्था के कारण दूसरी जाति में तो विवाह किया ही नहीं जा सकता था। दूसरा कारण प्रत्येक समाज अपनी बेटी का विवाह अपने से ऊँचे घराने, शाही अथवा सामन्ती घराने में करने को अपनी प्रतिष्ठा समझता था, लेकिन ऐसे घर में विवाह के लिए उतना ही अधिक दहेज भी

जुटाना पड़ता था। इसलिए पैदा होते ही लड़कियों को चुपचाप मार दिया जाता था। इसी के कारण लिंगानुपात का अन्तर बढ़ता गया।

जैसलमेर जिले की साक्षरता दर वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 57.22 प्रतिशत व वर्ष 2001 में 50.97 प्रतिशत थी। साक्षरता दर में वृद्धि इस ओर संकेत करता है कि जिले में शिक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ने लगी, हालांकि पुरुषों की साक्षरता दर, महिलाओं की साक्षरता दर से अधिक है। वर्ष 2001 के अनुसार पुरुष साक्षरता 66.26 प्रतिशत थी जो 2011 के अनुसार 72.04 प्रतिशत हो गई। वही महिलाओं की साक्षरता दर वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार 32.05 प्रतिशत थी जो वर्ष 2011 में 39.71 प्रतिशत हो गई। देखा जाए तो महिलाओं की साक्षरता में वृद्धि हुई है लेकिन पुरुषों की तुलना में अभी बहुत कम है।

डिजिटल साक्षरता का अर्थ –

डिजिटल साक्षरता से तात्पर्य है कि व्यक्ति और समुदायों द्वारा आम जीवन में घटित होने वाली विभिन्न परिस्थितियों में सार्थक कार्यों के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता को डिजिटल साक्षरता कहते हैं।

डिजिटल साक्षरता डिजिटल युक्तियों से वृहद श्रृंखला जैसे स्मार्टफोन, टेबलेट्स, लेपटॉप, डेस्कटॉप, पर्सनल कम्प्यूटर जो कि सभी गणन युक्तियों की बजाय नेटवर्क में प्रयुक्त ज्ञान कौशल और व्यवहार है।

डिजिटल साक्षरता का उद्देश्य –

⇒ डिजिटल साक्षरता का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को डिजिटल रूप से साक्षर बनाना है।

⇒ जो व्यक्ति थोड़ा पढ़ना लिखना जानता हो उसे डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण देकर साक्षर बनाना।

डिजिटल साक्षरता की ओर महिलाओं का बढ़ता रुख –

राजस्थान में स्थानीय स्वशासन में 50 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं की राजनीतिक क्षेत्र में भागीदारी बढ़ी है। ग्राम पंचायतों में खुले सामान्य सेवा केन्द्रों

यानी सीएससी में ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी को सरकार प्रोत्साहित कर रही है।

जैसलमेर जिले की बात करें तो प्राचीन युग से वर्तमान में कई बदलाव आए। पहले के समय में बालिका शिक्षा नहीं थी। बालिका का जन्म होने पर उसे मार दिया जाता था लेकिन अब समाज, परिवार जागरुक होने लगे महिलाएँ भी जागरुक होने लगी। इस डिजिटल युग में महिलाएँ स्वयं आत्मनिर्भर बन रही है। डिजिटल रूप से साक्षर होने पर वह अपने परिवार व समाज व गांव के अन्य लोगों को भी अपने अधिकारों के प्रति जागरुक करेंगी। वर्तमान समय में प्रत्येक महिला को डिजिटल साक्षर होना चाहिए और यदि गांव की महिला प्रतिनिधि स्वयं आत्मनिर्भर व डिजिटल रूप से सशक्त होगी तो वह गांव के प्रत्येक व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ पहुँचायेगी।

राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भूमिका देश के गाँवों में फैली अराजकता दूर करेगी। जैसलमेर के 2020 के चुनाव परिणाम में 7 पंचायत समिति में से 3 में महिला प्रधान चुनी गई व 206 ग्राम पंचायतों में से 107 में लगभग महिलाएँ सरपंच चुनी गई। डिजिटल साक्षरता में जैसलमेर जिले के पूर्व दिशा के गांव साक्षर है। वहां की सरपंच महिलाओं से साक्षात्कार के दौरान वार्तालाप से पता चला कि वहाँ कि सरपंच महिला प्रतिनिधि साक्षर होने के साथ गांव के विकास, महिला को आत्मनिर्भर बनाने के साथ जीवन कौशल कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को शिक्षा कौशल का ज्ञान देकर लाभान्वित कर रही है।

वहीं दूसरी ओर जैसलमेर जिले के पश्चिम दिशा के गांव डिजिटल दुनिया से दूर है। जो गांव शहर के नजदीक बसे हैं, वह विकसित भी है, वहां की महिला प्रतिनिधि भी जागरुक है और साक्षर भी, लेकिन जैसे–जैसे बॉर्डर की तरफ आगे बढ़ते हैं तो गाँवों का पिछड़ापन भी बढ़ता जाता हैं। वर्तमान समय में भी उनके पास आधारभूत सुविधाओं की कमी है। शिक्षा की कमी, पानी व रोजमर्रा की सुख–सुविधाओं का अभाव है।

अतः यह कहा जा सकता है कि जैसलमेर जिले में एक तिहाई महिला प्रतिनिधि डिजिटल रूप से साक्षर है जो महिला प्रतिनिधि डिजिटल रूप से साक्षर है उनके गांव भी विकसित है।

जैसलमेर जिले में 2020 के चुनावों में निर्वाचित हुई अमरसागर गांव की सरपंच पूनम देवी स्वयं डिजिटल रूप से साक्षर है, वे सभी सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी गांव में सभाओं के माध्यम से देती है। गांव की जनता को जागरुक कर रही है, अमरसागर गांव विकसित भी है।

सूचना और प्रौद्योगिकी के युग में सभी क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता को महत्त्व दिया जा रहा है, क्योंकि वर्तमान समय में प्रत्येक कार्य ऑनलाइन (डिजिटल) हो गए हैं, जैसे बिजली का बिल भरना हो, भामाशाह राशि का सीधे खाते में आना, स्कूल की फीस भरना, ऑनलाइन परीक्षा, ऑनलाइन कक्षाओं में अध्यापकों द्वारा पढ़ाना, सरकारी योजनाओं को मालूम करना, गैस की बुकिंग, जमीन के कागजात देखने, घर में नए सदस्य आने पर उसका रजिस्ट्रेशन, किसी के बीमार होने पर उसके इलाज के लिए सरकारी सहायता लेना आदि कार्य डिजिटल हो गए हैं। देश की प्रत्येक जानकारी के लिए डिजिटल साक्षरता अनिवार्य है। महिलाओं को डिजिटल रूप से साक्षर बनाने के लिए कई डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं –

⇒ इंटरनेट साथी कार्यक्रम
⇒ राजस्थान की ई–सखी योजना
⇒ डिजिटल इंडिया कार्यक्रम
⇒ डब्ल्यू 2 ई 2 कार्यक्रम
⇒ डिजिटल सखी कार्यक्रम
⇒ आरोग्य सखी कार्यक्रम

इन कार्यक्रमों की सहायता से महिलाएँ डिजिटल साक्षर हो रही है जिससे पंचायत के कार्य आसानी से कर रही है।

निष्कर्ष –

डिजिटल साक्षरता वर्तमान समय में मनुष्य के लिए अनिवार्य है। गाँवों को विकसित करने के लिए महिलाओं को शिक्षित व डिजिटल रूप से साक्षर बनाना आवश्यक है। महिला शिक्षित होगी तो परिवार, समाज, गांव व देश विकसित होगा। डिजिटल शिक्षा के जरिए जहाँ महिलाएँ देश के हर संस्थान से जुड़ सकती है, वहीं महिलाओं के सुरक्षा के लिए तैयार किया डिजिटल एप्लीकेशन उन्हें हर पल सुरक्षित

रखता है। ग्रामीण समाज में एक छोटे से काम के लिए भी ज्यादा पैसे लिए जाते हैं तो कभी उन्हें मूर्ख बना दिया जाता है। इसका कारण डिजिटल ज्ञान व उपकरणों का अभाव है। जिसके कारण वे योजनाओं के बारे में सही तरीके से जान नहीं पाते हैं, सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता मिशन अभियान का मुख्य उद्देश्य भी यह है इस योजना से सभी ग्रामीण महिलाएँ व पुरुष साक्षर हो।

सन्दर्भ :

1. चौहान, डॉ. भीमसिंह, राजस्थान में पंचायती राज में महिलाओं का योगदान, 2011
2. शर्मा, डॉ. अरविन्द कुमार, ग्रामीण विकास समीक्षा, महिला सशक्तिकरण विशेषांक
3. राजस्थान निवार्चन आयोग रिपोर्ट, 2020
4. ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, राजस्थान सरकार
5. www.urban.rajasthan.gov.in
6. www.tourism.rajasthan.gov.in
7. पंवार मंजू, राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994, कुरुक्षेत्र, अप्रेल, 1996
8. अग्रवाल, डॉ. रूचि, भारतीय लोकतंत्र में महिला विकास से संबंधित समस्याएं एवं समाधान, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, 2017
9. सिंह डॉ. निशांत, पंचायती राज व्यवस्था, राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2007
10. कलकल, स्नेहलता, ग्रामीण नेतृत्व की उभरती प्रवृतियां, क्लासिक पब्लिकेशन्स, जयपुर

IRJMSH

INTERNATIONAL RESEARCH JOURNAL OF MANAGEMENT SOCIOLOGY & HUMANITIES

An Internationally Indexed Peer Reviewed & Refereed Journal

UGC ID - 48312

Impact Factor* : 7.1893

Ref:IRJMSH/2021/A1010916

DOI : HTTPS://DOI.ORG/10.32804/IRJMSH

ISSN 2277 – 9809 (0) 2348 - 9359 (P)

THIS CERTIFIES THAT

RENUKA CHOUDHARY

HAS/HAVE WRITTEN AN ARTICLE / RESEARCH PAPER ON

जैसलमेर जिले में ग्रामीण स्वशासन में महिला जन प्रतिनिधियों की डिजिटल साक्षरता : एक विश्लेषण

APPROVED BY THE REVIEW COMMITTEE, AND IS THEREFORE PUBLISHED IN

Vol - 12 , Issue - 5 May , 2021

IRJMSH

Editor in Chief
